4 रायपुर संभाग
तकनीकि सहायक और सर्वेयर के गैर मौजूदगी से मापदंड अनुसार...

6 अभिमत
प्रिया को बचाएं
यमन में मौत की सजा

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
राज्यपाल ने मांढ़र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर...

10 छत्तीसगढ़
कारेसरा में हुई हत्या के आरोप में 10 लोगों को पुलिस ने...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 05 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-135 मूल्य 3.00 ₹

# पत्रकार की हत्या में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, फांसी देने की मांग

## यह घटना पत्रकारिता के स्वतंत्र स्वरूप के लिए एक गंभीर आघात : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बीजापुर जिले के पत्रकार मुकेश चंद्रकार की हत्या के मामले में चल रही जांच और कार्रवाई के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल प्रदेश के लिए बल्कि पत्रकारिता के स्वतंत्र स्वरूप के लिए भी एक गंभीर आघात है। प्रदेश सरकार इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर जांच सुनिश्चित कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में अब तक तीन आरोपियों–रितेश चंद्रकार, दिनेश चंद्रकार और महेंद्र रामटेके–को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच को तेज करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (आईपीएस) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। फॉरेंसिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 4 हफ्ते में चालान पेश कर स्पीड ट्रायल करवाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपराधी ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर के सभी कार्यों की जांच कराने की बात उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा...

➢शेष पेज 12 पर


अलविदा मुकेश

### बीजापुर समेत पूरे बस्तर में प्रदर्शन



**बीजापुर।** पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद पूरे बस्तर संभाग में आक्रोश नजर आया। पत्रकारों ने नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रदर्शनकारी पत्रकारों ने मृतक मुकेश चंद्राकर को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बीजापुर के साथ ही बस्तर के विभिन्न हिस्सों में पत्रकारों ने प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जाहिर किया। पत्रकारों का कहना है कि राज्य में लगातार पत्रकारों के साथ घटनाएं घटित हो रही है। लेकिन सरकार उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा पा रही।

### पत्रकार मुकेश चंद्रकार के हत्यारे ने कुछ दिनों पहले ली थी भाजपा की सदस्यता : शुक्ला

**रायपुर।** हत्यारे को कांग्रेस नेताओं का करीबी बताये जाने के बाद कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि आरोपी सुरेश चंद्राकर ने कुछ दिनों पहले की भाजपा की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा कि बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष तथा तीन जिलों के प्रभारी जी वेंकट ने माला पहनाकर सुरेश चंद्राकर को भाजपा प्रवेश कराया था। सुशील आनंद शुक्ला ने एक फोटो भी पत्रकारों का उपलब्ध कराया है जिसमें जी वेंकट हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर को माला पहनाते हुए नजर आ रहे है। साथ ही सुशील आनंद ने कहा कि 15 दिन पहले सुरेश चंद्राकर मुख्यमंत्री निवास आया था। कांग्रेस ने चुनौती दी है कि मुख्यमंत्री निवास का 15 दिनों का सीसी टीवी फुटेज तथा आगंतुक लिस्ट जारी किया जाये। जिससे साफ पता चल जाएगा कौन किसका करीबी है।



### हत्या के विरोध में धरना, राजभवन मार्च नाराज पत्रकारों ने नहीं सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने रायपुर प्रेस क्लब के बाहर धरना दिया और राजभवन तक शांति मार्च किया। राजभवन तक शांति मार्च करते पहुँचे पत्रकार उस वक्त नाराज हो गए जब जिला प्रशासन और पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पत्रकारों का बीच रास्ते में ही रोक लिया और राजभवन के बाहरी गेट को भी बंद कर दिया गया। पत्रकार राजभवन में जाकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपना चाहते थे मगर राज भवन से कुछ दूरी पर ही पत्रकारों को रोक दिया गया। नाराज पत्रकार राजभवन के रास्ते में ही बैठकर न्याय की मांग करते रहे। प्रेस क्लब रायपुर के महासचिव ने गेट के बाहर ही ज्ञापन पढ़कर सभी को सुनाया। जिसमें राज्यपाल से पूरे मामले में हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि पत्रकारों को राजभवन में प्रवेश ही नहीं दिया गया इस बात से दुखी होकर पत्रकारों ने राज्यपाल से अपनी समस्याओं को लेकर नहीं मिलने का निर्णय लिया। राजभवन मार्च के बाद काफी संख्या में पत्रकार डॉ. भीमराव अंबडेकर चौक पहुँचे। जहां पर पत्रकार मुकेश चंद्राकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। पत्रकारों ने साफ तौर पर कहा कि न्याय के लिए लड़ाई जारी रहेगी।


तीनों आरोपी रितेश चंद्रकार, दिनेश चंद्रकार और महेंद्र रामटेके

## क्विक न्यूज

### दोषियों को बख्शा नही जाएगा : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। फारेंसिक टीम साइंटिफिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना की जांच कर रही है। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाएगी।



### पानी के बिल को लेकर केजरीवाल का बयान महज एक छलावा: भाजपा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने पानी के बिलों को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि इस मुद्दे पर उनका बयान महज एक छलावा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में लोगों को मिल रहे पानी के गलत बिलों पर केजरीवाल का बयान बहुत बड़ा छलावा है। उन्होंने कहा कि मुफ्त में पानी मुहैया कराने का दावा करने वाली केजरीवाल सरकार के राज में नलों में पानी या तो आता नहीं और आता है, तो गंदा और दूषित होता है, लेकिन लोगों को बिल हजारों में नहीं, बल्कि लाखों में आ रहे हैं।



### इसरो ने अंतरिक्ष में फसल उगाने जैसी तकनीक पर पायी सफलता

**चेन्नई।** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अंतरिक्ष में फसल उगाने और रोबोटिक वॉक जैसी तकनीकों पर सफलता पायी है। दोनों ही वैज्ञानिक प्रयोगों का उपयोग करके 31 दिसंबर, 2024 को स्पैडेक्स अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी मिशन के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी 60 पर पीओईएम -4 के भाग के रूप में लॉन्च किया गया। इसरो ने कहा कि पीओईएम-4 पर चलने वाले रोबोटिक हाथ का प्रदर्शन अंतरिक्ष रोबोटिक्स में मेक इन इंडिया का एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है।



### शाह ने कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा निर्मित नए कामकाजी महिला हॉस्टल ब्लाक 'सुषमा भवन' का उद्घाटन व मोती बाग में पशु चिकित्सालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और नयी दिल्ली की सांसद बाँसुरी स्वराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने इस अवसर पर कहा कि सुषमा स्वराज के नाम से बने इस नए हॉस्टल भवन में रहने वाली बहनों का नाम एक ऐसी नेत्री से जुड़ रहा है, जो भारत में महिला सशक्तीकरण, जागरूकता व संघर्ष के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रही हैं। इस देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा जी को संघर्ष करने वाली विपक्ष की नेता के रूप में हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि सुषमा जी ने पिछली सरकार के 12 लाख के घपलों-घोटालों और भ्रष्टाचार का संसद में भंडाफोड़ करने का काम किया था। लोकतंत्र में विपक्ष के नेता के पद के महत्व के उदाहरण के रूप में सुषमा जी को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विपक्ष के नेताओं को सुषमा जी की कार्यशैली से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुषमा जी ने पूरे देश में महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में विदेश मंत्री के नाते देश की जनता की तकलीफों को समझने वाली विदेश मंत्री के रूप में एक जीवंत उदाहरण पेश किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नगर पालिका ने इस भवन के रूप में लगभग 500 कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित निवास की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने भारत के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया।



### पूरे देश में करेंगे 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान की शुरुआत : कांग्रेस

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा संविधान विरोधी है और वह बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी का अपमान करती है इसलिए कांग्रेस देश के हर जिले में चौपाल लगाकर देशवासियों को बताएगी कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कैसे गांधी जी और अंबेडकर का अपमान करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 17 दिसंबर को संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने भीम राव बाबा साहेब अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हमें उम्मीद थी कि गृह मंत्री माफी मांगेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे लेकिन मोदी ने गृह मंत्री का साथ दिया और अंबेडकर के अपमान में साझेदार बने। बेलगावी की बैठक में भी यह मुद्दा उठा और तय किया गया कि पूरे देश में हम 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान के तहत हम हर जिले में चौपाल लगाकर लोगों को बताएंगे कि अंबेडकर का अपमान और संविधान को नीचा दिखाने का काम भाजपा आरएसएस दशकों से करती आई है। खेड़ा ने कहा, हम 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान का पैम्फलेट जारी कर रहे हैं। ताकि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ तथ्यात्मक तरीके से यह बताया जा सके कि कैसे देश की 90 प्रतिशत आबादी के खिलाफ भाजपा साजिश रच रही है। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान या उनके खिलाफ साजिश इस देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों का हनन है।

### पीएम ने कहा- गांवों की संभावनाओं से भी वाकिफ हूं

## ग्रामीणों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना प्राथमिकता : मोदी

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है और इसलिए हर गांव में बुनियादी सुविधाओं की गारंटी के लिए अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। हमारी सरकार की मंशा, नीतियां और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा के साथ सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि प्राप्त करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा की झलक और उसकी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हममें से जो लोग गांवों में पैदा हुए और पले-बढ़े हैं, वे गांवों की क्षमता को जानते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की आत्मा भी गांवों में रहने वालों में बसती है।

उन्होंने कहा कि जो लोग गांवों में रहे हैं, वे गांव का सच्चा जीवन जीना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उनका बचपन एक छोटे से शहर में साधारण परिवेश में बीता। बाद में जब वे शहर से बाहर निकले तो उन्होंने ग्रामीण इलाकों में भी समय बिताया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने कठिनाइयों का अनुभव किया है और गांवों की संभावनाओं से भी वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्होंने देखा है कि गांव के लोग मेहनती तो होते हैं, लेकिन पूंजी की कमी के कारण वे सही अवसरों से चूक जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों की अलग-अलग क्षमताएं होने के बावजूद वे अपनी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने की चाहत में खो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के सामने प्राकृतिक आपदाएं, बाजार तक पहुंच की कमी जैसी कई चुनौतियां हैं। मोदी ने कहा कि यह सब देखने के बाद उन्होंने अपने मन को दृढ़ किया और चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित हुए। आज ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्य गांवों से मिली सीख और अनुभवों से प्रेरित हैं। वह 2014 से लगातार ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हुए हैं। उनका लक्ष्य एक सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के जीवन को आसान बनाना है।



# दूसरों को बड़ा करने में ही शिक्षित व्यक्ति का गौरव: पटेल

एजेंसी ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अपने ज्ञान से दूसरों को बड़ा करने में ही शिक्षित व्यक्ति का गौरव है। उसकी शिक्षा का गौरव है। उन्होंने कहा कि से 38 वर्ष पूर्व कम्प्यूटर ज्ञान के प्रसार के लिए 'कम्प्यूटर एक परिचय' पुस्तक की रचना कर, लेखक ने अपनी शिक्षा को गौरवान्वित किया है। संपूर्ण समाज को लाभान्वित करने का उनका प्रयास अभिनंदनीय है। पटेल आईसेक्ट पब्लिकेशन की पुस्तक 'कम्प्यूटर एक परिचय' के 40 वें संस्करण के लोकार्पण कार्यक्रम को स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के पूर्व निदेशक शिव कुमार अवस्थी भी मंचासीन थे। राज्यपाल ने कहा कि पुस्तक लेखन समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। नई सोच और दृष्टि के द्वारा समाज का मार्गदर्शन करने वाले लेखकों का सम्मान समाज का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि ज्ञान के लिए केवल पाठ्य पुस्तकों पर निर्भर नहीं रहे, पुस्तकों में उपलब्ध हमारे देश, समाज और संस्कृति के ज्ञान का भी अध्ययन करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का नया दौर शुरू हुआ है, जिसकी ादी के समय से ही देश अपेक्षा कर रहा था। मोदी ने राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बंधन मुक्त शिक्षा का अभूतपूर्व अवसर दिया है। मोदी आगामी 13-14 जनवरी को देश के 3 हजार युवाओं के साथ संवाद करेंगे। राज्यपाल ने कार्यक्रम को देखने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि वैचारिक चिंतन में सहभागिता से नए विषयों और कार्यों के संबंध में जानकारी मिलती है। भविष्य के पथ का प्रदर्शन होता है। 'कम्प्यूटर एक परिचय' पुस्तक के लेखक संतोष चौबे की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दी। पटेल का रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और आईसेक्ट पब्लिकेशन के विज्ञान लेखन की पुस्तकों और भारतीय वैज्ञानिकों के मोनोग्राफ का सेट भेंट किया। मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष भरत शरण सिंह ने भारतीय ज्ञान परम्परा में कम्प्यूटर के सिद्धांतों की उपलब्धता और कम्प्यूटर निर्माण में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को प्रकाशित किया। कम्प्यूटर एक परिचय पुस्तक की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुस्तक ने भारतीय भाषाओं में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पुस्तक की रचना के लिए लेखक को बधाई दी। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने पुस्तक की रचना की पृष्ठ भूमि और विकास का विवरण देते हुए बताया कि देश में तकनीक का विकास भारतीय भाषाओं के माध्यम से ही सम्भव है। संस्था द्वारा 6 विश्वविद्यालय संचालित किए जा रहे है। संस्थान उत्तरपूर्व में 7वें विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक के नवाचार और समाज के साथ जुड़ाव के द्वारा हर क्षेत्र में विकास की अपार सम्भावनाएं है। इसका उदाहरण देते हुए बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से किताब का लेखन किया जा सकता है, किन्तु किस विषय और भाषा पर पुस्तक लिखी जानी है, यह वास्तविक बुद्धिमत्ता से ही सम्भव है। स्वागत उद्बोधन स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के चान्सलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने दिया। उन्होंने बताया कि पुस्तक ने देश में कम्प्यूटर के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव और सोच को नई दिशा देने का कार्य किया है। पुस्तक के प्रकाशन के बाद संस्थान निर्माण के दुनियां में जो उदाहरण मिलते है, उसमें 'कम्प्यूटर एक परिचय' पुस्तक का भी स्थान है। पुस्तक की सफलता ने आईसेक्ट पब्लिकेशन को जन्म दिया। आभार प्रदर्शन रबीन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्याल के कुलसचिव विजय सिंह ने किया। संचालन विश्वविद्यालय की प्रो. चान्सलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने किया।


# आइस स्केटिंग बेसिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

एजेंसी ◀ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के ग्राम पंचायत दारचा में दारचा वेली मल्टी स्पोर्ट्स एंड डेवलपमेंट एसोसिऐशन व युवा क्लब दारचा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सात दिवसीय आइस स्केटिंग बेसिक प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह में विधायक अनुराधा राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक के आगमन पर दारचा वेली मल्टी स्पोर्ट्स एंड डेवलपमेंट एसोसिऐशन के प्रधान थूकतन हिशे व यूथ क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और खतक भी भेंट किये। बेसिक आइस स्केटिंग कोर्स के प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के 25 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक अनुराधा राणा ने संबोधित करते हुए कहा की जिला लाहौल स्पीति में भी शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है और पर्यटन की अपार संभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए साहसिक व शीत कालीन खेलों को लद्दाख व स्पीति की तर्ज पर बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कार्य योजना के तहत जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। लाहौल घाटी में साहसिक व शीत कालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है। ताकि इस क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सके। विधायक राणा ने यह भी कहा कि इन खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए युवा वह पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि भी आगे आएं और अपने बहुमूल्य सुझाव भी रखें। राणा ने कहा कि स्पीति घाटी के बच्चों ने आइस हाकी में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना ली है जो की जिला के लिए गौरव की बात है इसी तर्ज पर लाहौल घाटी के बच्चों के हुनर को भी तराशा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाहौल घाटी के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तर्ज पर बेसिक वह एडवांस कोर्सेज भी आने वाले समय में करवाए जाएंगे। ताकि युवाओं को एक सुनहरा मौका मिल सके। राणा ने दारचा वेली मल्टी स्पोर्ट्स एंड डेवलपमेंट एसोसिऐशन व युवा क्लब दारचा के प्रधान व पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए धन्यवाद किया। और आग्रह करते हुए कहा कि भविष्य में इसी तरह शीतकालीन खेलों के आयोजन कर बच्चों को एक बेहतरीन प्लेटफार्म मुहैया करवाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें और यह भी कहा कि इस तरह की आयोजनों से बच्चों में खेलकूद के साथ-साथ अनुशासन की भावना जागृत होती है और युवा नशे जैसी बुराइयों से भी दूर रहते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए 50 हजार विधायक ऐच्छिक निधि से देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य दोरजे लारजे ग्राम पंचायत प्रधान दारचा अशोक कुमार सहित अन्य ग्रामीण व बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।


# सुक्खू ने ग्रामीण विकास विभाग की ई-कॉमर्स वेबसाइट का किया शुभारंभ

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास विभाग की विकसित ई-कॉमर्स वेबसाइट एचआईएमआईआरए डाट कॉ डाट इन का शुभारंभ किया। सुक्खू ने कहा कि इसके माध्यम से प्रदेश के 44 हजार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी तीन लाख 50 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा। इस वेबसाइट से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को वैश्विक मंच उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण कारीगरों और उद्यमियों के उत्पादों को विस्तार मिलेगा और ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आय सृजन के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सात फूड वैन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश सरकार की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने मिशन के अन्तर्गत आर्थिक रूप से स्वावलंबी महिलाओं की सफलता की प्रेरक कहानियों की एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। सुक्खू ने कहा कि हिम-ईरा महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल है और आने वाले समय में इसे और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा। उन्होंने घोषणा की कि हिम-ईरा के उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनकी बिक्री के लिये प्रदेश सरकार, सरकारी भवनों में इन उत्पादों के लिये एक समर्पित दुकान उपलब्ध करवायेगी।

# भीमताल में तारपीन बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, फैक्ट्री खाक



**नैनीताल।** उत्तराखंड के भीमताल में तारपीन तेल (बायो फ्यूल) बनाने वाली फैक्ट्री में यकायक भीषण आग लग गयी। फैक्ट्री पूरी तरह से खाक हो गयी। पुलिस ने आग पर काबू पा लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीमताल स्थित सिडकुल में एक तारपीन तेल बनाने वाली फैक्ट्री में यकायक आग लग गयी। बताया जा रहा है कि तेल की लपटों ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी आगोश में ले लिया। भीमताल पुलिस, अग्निशमन बल के साथ ही नैनीताल से अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे और लगभग एक घंटा के अंदर आग पर काबू पा लिया। भीमताल के थाना प्रभारी विमल मिश्रा के अनुसार फैक्ट्री पूरी तरह से राख हो चुकी है। उन्होंने बताया कि किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# राज भवन पर हमला सोची समझी साजिश: जयराम

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अब सरकार द्वारा राज भवन पर निशाना साधा जा रहा है। राज भवन की गरिमा है जिसे जानबूझकर तार- तार करने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और इस तरह की गंदी राजनीति को रोकना चाहिए। ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि इस तरह हर संस्था के खिलाफ राजनीति प्रदेश के हित में नहीं है। किसी भी प्रकार का बयान राज भवन के खिलाफ देने के पहले नेताओं को अवश्य सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वह अपने नेताओं को काबू में रखें और राजभवन को अपनी राजनीति का हिस्सा न बनाएं। लोगों द्वारा राज भवन पर यह हमला सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है इसलिए मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे लोगों पर लगाम लगाए। भारतीय जनता पार्टी राज भवन की गरिमा के विपरीत किसी भी प्रकार का आचरण सहन नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजनीति चमकाने के लिए नेताओं द्वारा अनाप-शनाप अनाप-शनाप बयान दिया जा रहा है। इस तरह की परंपरा किसी भी तरह से सही नहीं हैं। राजभवन को अपनी ओछी राजनीति के लिए निशाना बनाने की परंपरा हिमाचल में कभी नहीं रही है। इसलिए ऐसी परंपरा डालने वालों के खिलाफ सूबे के मुखिया और कांग्रेस के मुखिया को रोक लगाना चाहिए।

जिस तरह से राज भवन को निशाना बनाया जा रहा है उससे यह साफहै कि सरकार में बैठे लोग अपनी नाकामी से प्रदेश के लोगों का ध्यान हटाना चाहते हैं। इसीलिए इस तरह की अनर्गल बयानबाजी कर रहें हैं।

# सायरीघाट को पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसित: शांडिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारी तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सायरीघाट को पर्यटन विशेष रूप से पारिस्थितिकीय पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। डॉ. शांडिल ज़िला सोलन के कण्डाघाट उपमण्डल के सायरीघाट में पर्यटन की दृष्टि से विकसित होने वाले चिन्हित निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. शांडिल ने कहा कि सायरीघाट में उपलब्ध 209 बीघा भूमि को ईको पर्यटन, धार्मिक पर्यटन तथा ग्रामीण पर्यटन की दृष्टि से उभारा जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए रेखाचित्र बनाने तथा सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से उभारने का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करना भी है। इस अवसर पर बाली ने कहा कि ग्रामीण पर्यटन को विकसित करना प्रदेश सरकार का संकल्प है।

## जेलों में कैदी महिलाओं के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में होगा नामांकन: बलजीत कौर

**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य की जेलों में कैदी महिलाओं के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित कर पोषक आहार देने और प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जायेंगे। डॉ. कौर ने फरीदकोट की मॉडर्न केंद्रीय जेल में कैदी महिलाओं से मुलाकात कर उनकी बुनियादी जरूरतों का आकलन किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कैदी महिलाओं और उनके बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के तहत जेल में कैदी महिलाओं के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में दाखिला दिलाकर उन्हें पूरक पोषण कार्यक्रम का लाभ दिया जायेगा और प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ा जा सके। मंत्री ने बताया कि कैदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये उन्हें कौशल विकास के अवसर प्रदान करने, आत्मनिर्भर बनाने और जेल से बाहर की जिंदगी के लिये तैयार करने के लिये जेल में सिलाई केंद्र शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, जेल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साह से भाग लिया।

## उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष पर नये संकल्प लेना जरूरी: गुरमीत



**हल्द्वानी/नैनीताल।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस नये वर्ष में हमें प्रदेश एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए नये संकल्प लेने जरूरी हैं। समारोह में 20 शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, दो को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 13 छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई एवं तीन शिक्षार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक तथा वर्ष 2023-24 शैक्षणिक सत्र के लिए 17088 शिक्षार्थियों को स्नातक एवं स्नात्कोत्तर की उपाधि प्रदान की गयी जबकि डा. हेमचन्द्र को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यही नहीं 17088 विद्यार्थियों की उपाधि का डीजी लॉकर के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक दीक्षांत समारोह नही है अपितु एक ज्ञान, परिश्रम और साधना प्राप्त करने वाली उपलब्धियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस नये वर्ष में हमें प्रदेश एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए नये संकल्प लेने हैं। राज्यपाल ने कहा कि टेक्नोलाजी, रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ड्रोन टेक्नोलाजी आदि तकनीकों के बल पर आगे बढ़ते हुए परिवर्तन की एक क्रांति लाएं। भारत के लिए ज्ञान-विज्ञान प्रणाली से नए रिकार्ड स्थापित करें।

## राज्य सरकार ने इस साल खरीदा 3100 मीट्रिक टन मंडुआ

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर स्थानीय उत्पादों और मोटे अनाज (मिलेटस) के प्रचार, प्रसार के बाद, उत्तराखंड का स्थानीय उत्पाद 'मंडुआ' अब हाथों हाथ बिक रहा है। राज्य सरकार ने ही इस साल विभिन्न सहकारी और किसान संघों के जरिए स्थानीय किसानों से 3100 मीट्रिक टन से अधिक मंडुआ खरीदा है। साथ ही, सरकार ने इस साल किसानों को 4200 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य भी दिया है। उत्तराखंड के सीढ़ीदार खेतों में परंपरागत रूप से मंडुआ की खेती होती रही है। लेकिन कुछ साल पहले तक मंडुआ फसल उपेक्षा का शिकार रहती थी, जिस कारण किसानों का भी मंडुआ उत्पादन के प्रति मोह भंग होने लगा था। लेकिन केंद्र और उत्तराखंड सरकार द्वारा अब मिलेट्स फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस कारण उत्तराखंड में मंडुआ उत्पादक क्षेत्र के साथ ही उत्पादन भी बढ़ रहा है। मौजूदा सरकार ने मंडुआ उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए सबसे पहले 2022 इसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत के तहत, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदना शुरू किया।

# पीएसपीसीएल को 60.51 मेगावाट रूफटॉप सोलर ऊर्जा वृद्धि के लिये 11.39 करोड़ रु का पुरस्कार: ई.टी.ओ

एजेंसी ◀ चंडीगढ
www.dailypioneer.com



पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने बताया कि पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुये केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 60.51 मेगावाट रूफटॉप सोलर ऊर्जा की सफल वृद्धि के लिये 11.39 करोड़ रुपये का वित्तीय पुरस्कार प्रदान किया है। इस क्षमता वृद्धि से प्रतिदिन लगभग 2.4 लाख यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो पंजाब द्वारा स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिजली मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी 86 मेगावाट की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक पंजाब में रूफटॉप सोलर की कुल स्थापित क्षमता 430 मेगावाट हो गयी है, जो राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे उत्पन्न सौर ऊर्जा न केवल पीएसपीसीएल के उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में महत्वपूर्ण कमी लायेगी, बल्कि पर्यावरण को भी बड़ा लाभ होगा। उन्होंने राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की कि वे रूफटॉप सोलर सिस्टम लगायें और पहले दो किलोवाट के लिये 30,000 रुपये प्रति किलोवाट, दो से तीन किलोवाट तक के येंलिए 18,000 रुपये प्रति किलोवाट, और कुल तीन किलोवाट के लिये 78,000 रुपये की सब्सिडी का लाभ उठायें। बिजली मंत्री ने बताया कि पीएसपीसीएल ने रूफ्टॉप सोलर को अपनाने में सुविधा प्रदान करने के लिये एक समर्पित नोडल कार्यालय शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य सौर ऊर्जा अपनाने में रुचि रखने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सिंगल-पॉइंट संपर्क प्रदान करना है। इस नोडल कार्यालय से 9646129246 पर फोन करके या ई-मेल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

# जेलों में कैदी महिलाओं के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में होगा नामांकन: बलजीत कौर

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य की जेलों में कैदी महिलाओं के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित कर पोषक आहार देने और प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जायेंगे। डॉ. कौर ने फरीदकोट की मॉडर्न केंद्रीय जेल में कैदी महिलाओं से मुलाकात कर उनकी बुनियादी जरूरतों का आकलन किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कैदी महिलाओं और उनके बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पहल के तहत जेल में कैदी महिलाओं के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में दाखिला दिलाकर उन्हें पूरक पोषण कार्यक्रम का लाभ दिया जायेगा और प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ा जा सके। मंत्री ने बताया कि कैदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये उन्हें कौशल विकास के अवसर प्रदान करने, आत्मनिर्भर बनाने और जेल से बाहर की जिंदगी के लिये तैयार करने के लिये जेल में सिलाई केंद्र शुरू किया गया है।

इसके अतिरिक्त, जेल में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साह से भाग लिया। डॉ. कौर ने जेलों में कैदी महिलाओं के बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र इन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषक भोजन और बुनियादी शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार, महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु जागरूकता शिविरों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जिला फरीदकोट में भी ऐसे शिविर का आयोजन कर महिलाओं को इन सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया।

मंत्री ने कहा कि जेल में कैदी महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, उनकी शारीरिक स्थिति और उनके बच्चों की सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिये यह दौरा किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को प्रगति की ओर ले जाने के लिए कैदी महिलाओं को भी साथ लेकर चलना होगा।

# देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक: राजेन्द्र शुक्ल

एजेंसी ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली नेतृत्व में भारत में अपार संभावनाएं हैं। देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स पूरी निष्ठा के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान दें। सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि युवा शक्ति और वरिष्ठों के सतत मार्गदर्शन में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनेगा। शुक्ल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में आईसीएसआई (इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया) की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 'संकल्प' में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश में तेज गति से विकास हो रहा है। औद्योगीकरण को गति मिली है। विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप, कंपनियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। देश में प्रदेश में सकारात्मक वातावरण है। पूरा विश्व भारत को आशा की नज़रों से देख रहा है। कंपनियों का संचालन नियम अनुसार हो और वे सहजता से देश के विकास में सहभागी बनें इसके लिए कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम है। शुक्ल ने कॉन्फ्रेंस की सफलता की शुभकामना दी। महापौर भोपाल मालती राय, संचालक ऐग्पा राजेश गुप्ता, आईसीएसई के वाईस प्रेसिडेंट धनंजय शुक्ला सहित आईसीएसआई के पदाधिकारी और कंपनी सेक्रेटरीज़ उपस्थित रहे।

## स्वस्थ किशोरी ही, आगे चलकर बनती है स्वस्थ माँ: शुक्ल

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमन्त्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि एमएमआर और आईएमआर की स्थिति में सुधार के लिये किशोरियों के स्वास्थ्य की जाँच और सुधार के प्रयास, गर्भावस्था के पूर्व और गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की नियमित जाँच के साथ प्रसव पश्चात निगरानी अहम है। शुक्ल ने यूनिसेफ भोपाल कार्यालय में भ्रमण कर मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में यूनिसेफ द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ किशोरी आगे चलकर स्वस्थ माँ बनती है। इसके लिये विभागीय प्रयासों के साथ सामाजिक संगठनों, आमजनों का सहयोग अपेक्षित है, जिससे गर्भवती महिलायें और किशोरियाँ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। परिवारजन उन्हें सहयोग प्रदान करें। शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के लिये जन-जागरूकता ज़रूरी है। उप मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के अधिकारी-कर्मचारियों को संचालित गतिविधियों में सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एकीकृत प्रयासों से हम मिलकर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करेंगे। मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों में देश का अग्रणी राज्य बनायेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में एमएमआर और आईएमआर मानकों में सुधार के लिये सतत प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के साथ देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों से हम सतत संपर्क में हैं। शुक्ल ने कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है। स्वास्थ्य अधोसंरचना में सतत विस्तार किया जा रहा है। चिकित्सकीय सहायक और चिकित्सकीय मैनपॉवर की उपलब्धता के लिए चिकित्सकीय शैक्षणिक संस्थानों में विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार से अधिक पदों पर नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ सामाजिक जागरूकता भी ज़रूरी है, जिससे हाई रिस्क प्रेगनेंसी का समय से चिन्हांकन कर अपेक्षित निदान की व्यवस्था की जा सके।

# अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

## कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय में शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान सभी प्राचार्यों को शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को अपार आईडी के लाभ के बारे में जानकारी दें और उन्हें प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के विद्यालयवार अपार आईडी के बनाने के प्रगति की जानकारी ली और इस कार्य में आ रही दिक्कतों से अवगत हुए। उन्होंने संबंधित प्राचार्यों को निर्देशित किया कि, 15 दिवस के भीतर सभी दिक्कतों को दूर करते हुए कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने 100 से अधिक लंबित प्रकरण वाले विद्यालयों में आधार कार्ड अद्यतन और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ईडीएम और तहसीलदार को शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी बीईओ को भी अपार आईडी बनाने के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा पे चर्चा के लिए विद्यार्थियों की पंजीयन की भी समीक्षा की और पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत पोर्टल में एंट्री की जानकारी लेते हुए कहा हर ग्राम पंचायतों का सर्वे कर सात दिनों में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों पर पूरे समर्पण के साथ ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि, स्कूलों के पूर्व परीक्षा परिणाम का आकलन कर कमियों को दूर करते हुए विद्यार्थियों को तैयारी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त क्लास भी लगाएं। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को मेहनत एवं लगन के साथ परीक्षा की तैयारी कराते हुए अच्छे परिणाम लाने के लिए प्रयास करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी महेन्द्र पाण्डेय सहित बीईओ, बीआरसी और प्राचार्य उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**कोंडागांव।** खेल एवं युवा कल्याण जिला कोंडागांव एवं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम कोंडागांव में किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण एवं विधायक कोंडागांव लता उसेण्डी ने युवा उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान दीपेश आरोरा उपाध्यक्ष प्रदेश आर्चरी एसोशिएसन, सोना मनी पोयाम पार्षद उपस्थित रहे। युवा उत्सव में लोकनृत्य (दलीय) में हेमचंद नेताम एवं साथी फरसगांव, लोकनृत्य (एकल) में नारायण सोरी, लोकगीत (दलीय) में पार्वती सलाम एवं साथी फरसगांव, लोकगीत (एकल) में वर्षा नेताम, केशकाल, कहानी लेखन में रेशमा मण्डावी, विश्रामपुरी, चित्रकला में अर्जुन मरकाम बड़ेराजपुर, वक्तृत्व कला में प्रज्ञा कुर्रे, कोंडागांव, कविता में उज्जवल पुरी गोस्वामी, बड़ेराजपुर, हस्तशिल्प में प्रदीप कुमार सागर, कृषि उत्पाद, रॉक बैंड में सत्यम एवं साथी बड़ेराजपुर, विज्ञान मेला एकल में खिरेन्द्र सेठिया एवं विज्ञान मेला सामूहिक में बिरेन्द्र यादव प्रथम स्थान रहे।

# 10वें जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने किया कार्यभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासन के सबसे बड़े विभाग कहे जाने विभाग शिक्षा विभाग जहां कर्मचारियों की संख्या लाखों में पाई जाती है। इस विभाग के जिम्मा अब कोंडागांव जिले के दसवें जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भारती प्रधान ने अपने कार्यभार ग्रहण कर लिया गया हैं। इसी कड़ी में जिले के सभी शिक्षक संघों के कर्मचारी एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में और कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा नए जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दूल ने सभी संघों के पदाधिकारी का परिचय कराते हुए एक-एक करके सभी पदाधिकारी से स्वागत कराया गया। इस अवसर पर सभी संगठनों के पदाधिकारी में कर्मचारी अधिकारी फैडरेशन के जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष निर्मल शार्दुल, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी शीला शार्दुल, छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ऋषि देव सिंह, छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवराज ठाकुर, व्याख्याता संघ के जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, बीएस ठाकुर, शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पवन कुमार साहू, बीआरसी मालती ध्रुव, बीआरपी अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शाउमावि मुलमुला में माता सावित्रीबाई फुले की मनाई 194वीं जन्म जयंती



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती मरार समाज की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें हमारे संस्था के प्राचार्य झिटकू राम मरकाम की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मरार समाज मूलमुला के अध्यक्ष हलाल कौशिक मरार समाज के सचिव नरेंद्र पटेल, तुलजू पटेल, लालजी पटेल, खेतपाल गजमली, कांति कौशिक, अमृत मंडल, पुरन नाग, भकचंद पटेल, जुगधार देवांगन, मंगऊ राम देवांगन ,नारायण साहू ,ओमना लकड़ा, अनिमा तिर्की, तीजू राम कोराम, केसर वर्मा, गंगीता पटेल, सुगन पटेल, पार्वती नाग, संगीता देवांगन, सरिता पटेल, नौती पटेल, पीटीआई गौतम कुमार, शटबदन साहू, नंदलाल सलाम, रामवती देवांगन और अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल मनाया गया। जिसमें स्कूली छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक के माध्यम से माता सावित्रीबाई फुले चरितार्थ करके उनके संघर्ष को दिखाया गया। माता सावित्रीबाई फुले और उनके पति महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्ष के कारण एसटी, एससी, ओबीसी समाज के लोग शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं सारा श्रेय सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले को जाता है।

# सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत हेलमेट जागरूकता रैली का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम पर 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 अंतर्गत कोंडागांव जिले में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने सर्किट हॉउस में हेलमेट जागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिले के नागरिकों से दोपहिया वाहनों में आवागमन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान 31 जनवरी तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत यातायात जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहें।

### शिल्प नगरी का किया अवलोकन

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय शिल्प नगरी का भी भ्रमण किया और यहां के शिल्प कलाकृतियों का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकृतियों की सराहना करते हुए सभी एयरपोर्ट में इसे रखने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने उन्हें यहां के कलाकृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इसके निर्माण प्रक्रिया और बाजारों में मार्केटिंग की व्यवस्था से भी अवगत कराया। इसके पश्चात उन्होंने शिल्पकारों द्वारा बनाए जा रहे बेलमेटल की संपूर्ण प्रक्रिया को देखा।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता किरन्दुल में हुआ शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्पोर्ट्स क्लब किरन्दुल के तत्वाधान में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता बैलाडीला प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है।जिसका शुभारंभ 3 जनवरी शुक्रवार रात्रि 08 बजे स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड में किया गया।इस प्रतियोगिता में जिले भर की 08 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच यूपी वॉरियर्स बनाम वरुण टीम के मध्य खेला गया।मौके पर मुख्य अतिथि एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश,एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलु,वरिष्ठ पत्रकार आजाद सक्सेना,राजेंद्र सक्सेना, नगर पालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र, टीआई पी के साहू,मनोज छालीवाल, बबलू सिद्दीकी शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे।

# नारायणपुर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने संभाला कार्यभार

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत् जिले की नवपदस्थ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया है। वे नारायणपुर जिले की 16वीं और पहली महिला कलेक्टर हैं। प्रतिष्ठा ममगाई 2018 बैच की आई.ए.एस. अधिकारी हैं, वे इसके पूर्व जिला पंचायत बस्तर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्टर कोर्ट, अपर कलेक्टर कक्ष एवं कलेक्टोरेट स्टॉफ कक्ष, नजूल शाखा, प्रतिलिपि शाखा, स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन, भू-अभिलेख शाखा, अभिलेखागार, डायवर्सन शाखा, एसडीएम कार्यालय, न्यायालय, जिला आबकारी कार्यालय, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, परियोजना कार्यालय, जिला शिक्षा विभाग, जिला विपणन, खाद्य, श्रम विभाग, जनसंपर्क, पालना घर, अंत्यावसायी, जिला आयुर्वेद, जिला योजना एवं सांख्यिकी, वित शाखा, राजस्व शाखा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला कोषालय, एनआईसी कक्ष, स्वॉन कक्ष, अधीक्षक कक्ष, स्टेनो कक्ष, लोक सेवा केन्द्र आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय के डबल लॉकर कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने अपर कलेक्टर से समय सीमा की बैठक के निराकरण संबंधी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान लोक सेवा केन्द्र में प्राप्त आवेदनों की संख्यात्मक जानकारी लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, गौतम पाटिल, वरिष्ठ निज सहायक दीपक हिरवानी सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 1 में मेगा पालक बैठक का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

शासन के आदेश अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेनार क्रमांक 01 किरंदुल गजराज कैम्प में शनिवार मेगा पालक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूल के प्रधान पाठक शैलेश कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पालकों की उपस्थित को सफलता पूर्वक पलक मेघा बैठक को संपन्न किया गया जिसमें बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट के बारे में चर्चा किया गया और भी विषय पर जैसे बच्चों को नियमित स्कूल भेजना साफ सफाई के साथ भेजना घर में पढ़ाई करने जैसी बातों पर चर्चा किया गया इस प्रकार पलक मेघा बैठक सफल बनाने के लिए स्कूल प्रधान पाठक शैलेश कुमार ठाकुर तथा सहायक शिक्षक डेविड कुमार एवं पुष्पलता साहू का विशेष सहयोग रहा।

## बस्तर संस्कृति की अनोखी झलक

# बस्तर संस्कृति की अनोखी झलक लछमी जगार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आदिवासी बाहुल्य बस्तर की परंपरा अपने आप में अनूठी है। बस्तर संस्कृति की अनोखी झलक लछमी जगार यानि कि, लछमी जागरण त्यौहार के अंतर्गत देखने को मिलती है। बता दे कि, बस्तर अंचल में हरियाली अमावस्या (श्रावण अमावस्या), के साथ ही कृषि-चक्र आरम्भ हो जाता है। इसी के साथ कृषि-संबंधित त्योहारों और उत्सवों का सिलसिला आरम्भ होता है। यहाँ यह जगार उत्सव के रूप में माने-मनाये जाते हैं। जिसके माध्यम से देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है। इसके माध्यम से गुरुमांयें उन्हें जगाती हैं और उनकी पूजा-अर्चना करती हैं, उनके गुण-गान करती हैं। उनकी गाथा गाती हैं। यही कारण है कि सभी जगारों के गायन के आरम्भ में ही गुरुमांयें विभिन्न देवी-देवताओं का आह्वान करती हुई उन्हें जागने और इस यज्ञ में आने का न्योता देते हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसका गायन केवल महिलाओं द्वारा ही किया जाता है। जगार की प्रक्रिया में इसकी गायिकाएं, जिन्हें इस क्षेत्र में 'गुरुमांय' कहा जाता है।

**कोंडागांव से लगे ग्राम गिरोला में लछमी जगार का आयोजन 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक किया गया** - रयमल दीवान पंच व अन्य ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि, मन्नत पूरी होने पर जगार का आयोजन किया जाता है। जैसे कि पुत्र प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ, धन संपत्ति, अच्छी फसल, खुशहाल जीवन, परिवार शांति आर्थिक समृद्धि पाने पर लछमी जगार कर माता लछमी की उपासना कर धन्यवाद ज्ञापित करते है। इस आयोजन में गांव के गायता गायतीन, भीमा सिरहा, गांव के प्रमुख, पुजारी, माई दंतेश्वरी का छत्तर, बूढ़ा राव अंगा, की भी पूजा की जाती है यह इसलिए रखा जाता है कि किसी प्रकार का विघ्न बाधा ना हो, कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

### तीन वर्षों तक होता है आयोजन : गुरुमांय

जानकारी देते हुए जगार आयोजन में गुरुमांय लीला बाई दिवान ने बताया कि, उनकी तीन सहयोगी, बिमला कोर्राम, घिनई नेताम, सोनारी कोर्राम, के द्वारा जगार गायन करवाती है। लछमी जगार में महादेव पार्वती और मेंग मेंगइन ( लछमी - विष्णु) की पूजा की जाती है। नारियल, केला, फल, कदली, चढ़ाया जाता है। लछमी जगार धान काटने के बाद कार्तिक माह से फाल्गुन माह तक सुविधा देख कर किया जाता है। प्रथम वर्ष 5 दिन दूसरे साल 7 दिन और फिर तीसरे वर्ष 9 दिनों तक पूजा उपासना तीन वर्षों तक चलता है। जब तक जगार होगी तब तक अखंड दीप जलता है और सुबह शाम पूजा करते है। और प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जाता है। लछमी जगार धान्य की देवी है। जिस गांव में जगार का आयोजन किया जाता है, वह गांव सम्पन्न होता है। यह मान्यता है माता लछमी उन पर कृपा बरसाती है, यह मान्यता सो दो सो सालों से नहीं युगों से चली आ रही है।

### लछमी जगार धन धान्य से पूर्ति के लिए मनाया जाता है : खे़म वैष्णव

खेम वैष्णव ने बताया कि, बस्तर की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। विकास के बावजूद आदिवासी समुदाय अपनी परंपराओं और अपनी धार्मिक प्रथाओं से जुड़ा है। जीवन की कठिनाइयां सीमित संसाधनों के बीच आदिवासी अपने परंपराओं से जुड़े है यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। लछमी जगार धन-धान्य से पूर्ति करने के लिए इसे मनाया जाता है ताकि किसी प्रकार की कमी ना हो तथा धन समृद्धि परिपूर्ण रहे। माना जाता है कि धान को ही लछमी जी का स्वरूप माना जाता है। स्थानीय बोली के महाकाव्य में ऐसा कहा गया है कि इसमें 7 से 8 अध्याय हैं जिसमें यह बताया गया है की धरती से लछमी जी का उपजाऊ होना अर्थात (धान की फसल को लछमी जी का स्वरूप माना गया है) तथा वहां से उन्हें शादी ब्याह करके लाना घर में प्रवेश करना जिसे स्थानीय बोली में परघाना भी कहा जाता है जिसका वर्णन महाकाव्य के सातवें अध्याय में किया गया है जहां पर लोग लछमी जी के जन्म से लेकर उन्हें विवाह कर के घर में लाने तक का वर्णन करके हलबी भाषा में जगार के रूप में गाते हैं। ताकि धन धान्य में वृद्धि हो खुशहाली बनी रहें। उन्होंने कहा कि, लछमी जगार को तीन दिन अथवा 11 दिन तक मनाया जाता है। जहां पर गुरुमाय लछमी जी के जन्म से लेकर उनके विवाह करने तक कि उनके जीवन शैली को गाकर सुनाते हैं। जगार के चार प्रकार होते हैं- आठे जगार, तीजा जगार, लछमी जगार और बाली जगार। जगार धान रुपी लछमी और नारायण के विवाह से संबंधित कथाओं का अनुष्ठान है। यह अनुष्ठान कृषि संस्कृति में धान एवं अन्य अनाजों के मध्य प्रतिस्पर्धा और उनके अन्तर्सम्बन्धों को प्रतिबिंबित करता है। जगार का अर्थ जग यानी यज्ञ है।

# तकनीकि सहायक और सर्वेयर के गैर मौजूदगी से मापदंड अनुसार डबरी निर्माण नहीं, मुख्यमंत्री से होगी शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



रायपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025
www.dailypioneer.com
पायनियर

## जल सरंक्षण के लिए निर्माण लाखो की डबरी में पानी नहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फ्लॉफ

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए जल सरंक्षण कर आम कृषकों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार लाखो रुपए पानी की तरह बहा रही है बावजूद इसके यह योजना धरातल में कारगर साबित नहीं हो रहा है जिसका प्रमुख कारण निर्धारित मापदंड को दरकिनार करते निर्माण काम में लापरवाही बरतने को माना जाता है और इसकी बानगी जिला के देवभोग ब्लॉक में देखने को मिल रहा है इस ब्लॉक के खोकसरा निष्ठिगुडा कोसमकानी कुंमडाई कला जैसे करीब 13 पंचायतों में ढाई लाख से लेकर 3 लाख तक की लागत से डबरी बनाया गया है लेकिन उक्त डबरियो निर्धारित गहराई नहीं होने के कारण आज घुटना के नीचे तक पानी नहीं रह पा रहा है जिसे देख अक्सर ग्रामीण जनप्रतिनिधि यह योजना को धरातल में फ्लॉफ बता रहे है शायद यही वजह है कि इस योजना का लाभ भी किसानो को शत प्रतिशत नहीं मिल पा रहा है जबकि इस योजना के जरिए सैकड़ो किसानो को लाभ दिलाने के लिए 30 लाख से अधिक राशि जारी बताते है जिसमें से ज्यादातर राशि निर्माण एजेंसी को भी देने की बात सामने आती है गौरतलब हो प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डबरी को जेसीबी से खुदवाया गया फिर भी डबरी की कई कम गहराई देखा जा सकता है मतलब खोदवाए डबरी में पानी का संरक्षित होना मुश्किल है जबकि ऐसे डबरियो में बरसात भर पानी रहने की बात जानकर बताते है ताकि उक्त डबरी से कृषक को सरकार के मंशा अनुरूप लाभ मिल सके जिसके लिए अधिकारी भी गंभीर नहीं है ऐसे में खेत में पानी की भौतिक पहुंच बढ़ाने और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करने खेत में पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करने स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को शुरू करने जैसे आदि सरकार की मंशा किस तरह पूरा हो सकता है।

### योजना के उद्देश्यों पर भी ग्रहण

डबरी के जरिए जल सरंक्षण कर खेत में सिंचाई करने और मछली पालन करने के साथ साथ सब्जी भाजी टमाटर सहित अन्य लगाया जा सकता है और इसके जरिए किसान अपनी आर्थिक उन्नति कर परिवार का भरन पोषण आसानी से कर सकते है ऐसे तमाम उद्देश्यों के साथ इस योजना को लागू किया गया लेकिन धरातल के मापदंड विपरीत काम ने सारे उद्देश्य पर ग्रहण लगा दिया है जिससे विभागीय जिम्मेदार भी भली भांति अवगत है बावजूद इसके कार्यो को मापदंड अनुसार कराने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है यही कारण है कि इस योजना से ना जल सरंक्षण हो पा रहा है और ना किसानो को किसी प्रकार लाभ मिल रहा है मतलब यह योजना आम किसानो के लिए सफेद हाथी साबित होता नजर आ रहा है हालांकि जिला प्रशासन और राज्य स्तर पर कागजी रिपोर्ट परोसते योजना को लाभकारी बताने में अधिकारी पीछे भी नहीं है जबकि जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और बयां कर रही है।

### कलेक्टर के निगरानी में जांच की मांग

जिस तरह डबरी कार्य में लापरवाही बरता गया है उसे लेकर ग्राम समितियों में भी आक्रोश है और कलेक्टर के निगरानी में जांच कराने की मांग किया जा रहा है ताकि बचत कार्य को मापदंड अनुसार कराया जा सके क्योंकि पूरी वस्तु स्थिति से अवगत विभागीय अधिकारियों से नियमानुसार काम की कल्पना करना फिजूल होगा ऐसे में कलेक्टर दीपक अग्रवाल से जांच और कार्यवाही करते नियमानुसार डबरी कार्य होने की पूरी उम्मीद बनी है हालांकि कुछ ग्रामीण केंद्रीय मंत्री से पत्राचार के माध्यम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे ताकि जिम्मेदारों के काम काज में सुधार लाया जा सके।

तकनीकी सहायक और सर्वेयर की गैर मौजूदगी के चलते ही जल सरंक्षण करते किसानो की उन्नति के लिए लाखो रुपए की डबरी लापरवाही की भेंट चढ़ गया, जिसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गरियाबंद प्रवास के दौरान जोरदार तरीके से शिकायत दर्ज कराते कार्यवाही की मांग करेंगे, ताकि पीएम नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ शत प्रतिशत किसानो को मिल सके। गौरतलब हो कि रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला को करोड़ों के विकास कार्य की शिलान्यास भूमिपूजन के कई सौगात देने प्रवास पर पहुंच रहे है। इस बीच देवभोग ब्लॉक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 30 लाख से अधिक की राशि से बनाए गए खोकसरा निष्ठिगुडा कोसमकानी कुंमडाई के साथ करीब 13 डबरी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने का मामला को प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल तैयार होते कार्यवाही के लिए कमर कस लिया है, क्योंकि अधिकारियों लापरवाही के चलते उक्त डबरी में मछली पालन सब्जी भाजी और अपने खेत के सिंचाई का लाभ युद्ध स्तर पर लेने से वंचित रह जाएंगे। जबकि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसानो को अपनी आर्थिक उन्नति की आस रहा लेकिन डबरी की पानी देख वह उम्मीद पूरी तरह खत्म होने के कगार पर दिखाई पड़ रही हैं। शायद यही वजह है कि ब्लॉक के ज्यादातर किसानों में रोष व्याप्त है। इसलिए मुख्यमंत्री को वस्तु स्तिथि से अवगत कराकर कार्यवाही की मांग रखेंगे। क्योंकि विभागीय उच्च अधिकारियों से ना कार्यवाही की उम्मीद है और ना मापदंड अनुसार डबरी बनवाने की जिसका प्रमुख कारण तकनीकी सहायक की लापरवाही को माना जाता है। क्योंकि जिस तकनीकी सहायक को फील्ड पर मौजूद होकर इस्टीमेट अनुसार डाबरी निर्माण कराना चाहिए वह अक्सर फील्ड में नदारत रहे तभी लाखो के डबरी में भर्राशाही को अंजाम दिया गया जिसे लेकर पायनियर प्रमुखता के समाचार भी प्रकाशित किया। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंगा इसलिए अब सीधा सीएम से शिकायत की तैयारी में है।

# खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाएं सामने आती हैं : दीपक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर भखारा भटेली के मिनी स्टेडियम में संगवारी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित किया गया जिसमें समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था एवं उनके साथ मोहन साहू राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सेवा प्रमुख, डाकेश्वर साहू जिला प्रमुख सनातन सेना, गौरव जैन, नितेश साहू एवं महेश सिन्हा उपस्थित हुए। इन सबके भव्य स्वागत के उपरांत आयोजक समिति द्वारा मंच पर उपस्थित समस्त गणमान्य सदस्यों और समाजसेवियों से दीपक सिंह ठाकुर एवं उनके साथियों का परिचय करवाया गया। तदोपरांत मैच का शुभारंभ किया गया जिसमें सभी खिलाड़ियों से उनका परिचय कर कुछ गेंदें अतिथियों को भी समितियों द्वारा खिलाया गया। दीपक सिंह ठाकुर ने भीष्म और उनके समस्त साथियों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि टेक्नोलॉजी के जमाने में मोबाइल आने से लोग इनडोर खेलों की ओर आकृष्ट हो रहे है। ऐसे में मैदान सूने दिखाई पड़ते हैं। इस तरह के आयोजन से खेल मैदानों की सुन्दरता बढ़ती है। उन्होंने मंच से सभी खिलाड़ियों के लिए प्रार्थना की कि जो खिलाड़ी आज छत्तीसगढ़ के मैदानों में खेलते हैं उन्हें वो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देखना चाहते हैं ताकि वो हमारे राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन कर सके। दीपक सिंह ठाकुर ने आयोजन समिति के साथ उन सभी गणमान्य लोगों का भी सहृदय धन्यवाद किया, जो इस तरह के आयोजन को सहयोग करते हैं और खेल भावना को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

# जल जीवन मिशन के तहत घरो तक पहुंचाया जा रहा है शुद्ध पेयजल

पायनियर संवाददाता ◄ नर्रा/महासमुंद
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक गांवो के घरो तक शुद्ध पेयजल नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है तथा लाखो रुपये की लागत से पानी टंकी एवं पाईप लाइन का विस्तार भी किया जा रहा है । इसी योजना के तहत बागबाहरा विं खंड के ग्राम पंचायत नर्रा के वार्ड क्रमांक एक रावणभाठा सोसायटी स्थित पानी स्टोर करने के लिए पानी टंकी का निर्माण भी किया गया है उल्लेखनीय यह है कि इस वार्ड के लोगो का कहना है कि जहां टंकी का निर्माण हुआ है इससे कुछ ही दूर मे लगभग एक किलो मीटर पर बोर खन्न हुआ है इसी नलकूप से पानी टंकी तक जाने वाले पाइप लाइन जगह जगह फ्ट जाने से पानी टंकी मे स्टोर नही हो पाने से इस वार्ड मे सप्ताह भर से पानी की सफलाई बंद हो गई है



वार्ड वासियों को पीने का पानी के लिए बहुत परेशानी झेलना पड़ रहा है । वार्ड वासीयों का कहना है मुश्किल से पानी की सफलाई शुरू हुए पांच से छैमाह हुआ होगा लेकिन टंकी से पानी टपक रहा है कही लिकेज होने की शंका ठेकेदार द्वारा टंकी का निर्माण कार्य मे लापरवाही हड़बड़ी मे गुण वक्ताहीन बनाने का आरोप इस तरह मजबूत पाइप नही डाला गया इस कारण पानी की प्रेसर से पाइप जगह जगह फ्टना और तो और लाखो की बजट से टंकी निर्माण आधे अधुरे पाइप लाइन का विस्तार ठेकेदार द्वारा वार्डो मे किया गया है अभी भी कुछ वार्ड के घरो मे नल का कनेक्शन भी नही पहुंचना सिर्फ कागजो मे । मे मात्र एक ही वार्ड एक रावण भाठा मे पानी की सफ्लाई शुरू कुछ माह हुआ है । जबकि विभाग ने पानी की सफ्लाई शुरू किए कुछ ही माह बीत गए लेकिन आज तक टंकी परिसर गढ़े मे तब्दील घाँस भूस उगा हुआ है । और तो और पानी का रिसाव होने से गढ्ढे मे भरा पानी इस गंदे पानी से वार्ड के लोगों के सेहत के साथ खिलवाड़ तो नही ठेकेदार ने समतली करन किए बगैर चले गए । इस वार्ड के ग्रामीण इंदलसिंह ध्रुव सुरेन्द्र यादव दिनेश पटेल गणेशराम निषाद अमरसिंह लालाराम मोतीराम सुनील भारत जितेन्द्र साहू शब्बीरखान मंशाराम भागीराम ताहिरअली दिनेश देवसिंह मानसिह आदि ने सरपंच गोपाल किशन पटेल को बोले कि पाइप लाइन फ्ट गए है इसे सुधार व मरम्मत कराने को कहा गया सरपंच बोले नल जल का हेंड ओवर ही नही हुआ है फ्रि वार्ड के लोगों ने कहा जब हेंड ओवर नही हुआ है तो चालु क्यों किया।

# सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



04 जनवरी को 35वां सडक सुरक्षा माह अभियान कार्यक्रम-2025 के तहत जिले के कुल 77 विभिन्न स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के लगभग 5400 स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 120 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी यातायात जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही जिले के 05 पुलिस राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फुटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन, जानवर तो नहीं आ रही है, सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े, वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें, उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे। यातायात नियमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए, वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी पर जुर्माना किया जाता है। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।

# पंचायत चुनाव के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के अनुसार जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी 2025 को सम्पन्न होगा । प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य हेतु 8 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष हेतु अपरान्ह 1 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रवर्गवार स्थान आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। इसीतरह जनपद पंचायत सदस्य हेतु 8 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत बलौदाबाजार, अपरान्ह 12 बजे से जनपद पंचायत कसडोल और पलारी, अपरान्ह 1 बजे से जनपद पंचायत भाटापारा और सिमगा हेतु प्रवर्गवार एवं महिलाओ के प्रवर्गवार स्थान आरक्षण की कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में सम्पन्न होगा। सरपंच पद के प्रवर्गवार एवं महिलाओ के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही सबंधित जनपद पंचायत सभाकक्ष में 8 जनवरी 2025 को प्रातः 10 से शुरू होगी। इसीतरह पंच पद के प्रवर्गवार एवं महिलाओ के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन, आरक्षण की कार्यवाही सबंधित जनपद पंचायत सभाकक्ष में 9जनवरी 2025 को प्रातः 10 से शुरू होगी।

# संस्थागत प्रसव को लेकर अभी भी स्वास्थ अमला गंभीर नहीं गर्भवती महिलाए उड़ीसा के अस्पतालों में डिलीवरी के लिए मजबूर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर स्वास्थ अमला अभी भी गंभीर नहीं है। तभी आज भी गर्भवती महिलाओं को प्राइवेट और उड़ीसा के नवरंगपुर भवानीपटना उमरकोट जैसे अन्य अस्पताल में हजारों लाखों रुपए खर्च कर परिजन सुरक्षित प्रसव कराने को मजबूर है और इससे विभागीय अफसर भी अच्छी तरह वाकिप हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराने में जिम्मेदारों द्वारा किसी प्रकार जोर नहीं दिया जा रहा है उड़िसा के जानकारों की माने तो महीना में 10 से भी अधिक प्रसव का मामला धर्मगढ़ भवानीपटाना में पहुंचता है। इसी तरह नवरंगपुर मिशनरी और उमरकोट में भी आंकड़ा होने की



रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर

## संस्थागत प्रसव कराने में स्वास्थ विभाग नाकाम

### 15 हजार 972 के लक्ष्य में सिर्फ 4 हजार 351 प्रसव पर सवाल

### स्वास्थ परीक्षण भी मुश्किल

### नवरंगपुर मिशनरी उड़िसा धर्मगढ़ भवानीपटना उमरकोट

### स्वास्थ सचिव से व्यवस्था दुरुस्त करने की उम्मीद

बात कही जाती हैं। मतलब ऐसे गर्भवती महिलाओं और परिजनों का भरोसा जितने में अभी अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारी नाकाम हैं ऐसे में विष्णुदेव साय सरकार की योजना से वंचित रह जाते है गौरतलब हो कि बीते दिन राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव कराने के कई योजना के जरिए लाखों रूपए खर्च कर रही है लेकिन यह खर्च जिला में फिजूल साबित हो रहा है क्योंकि राज्य से मिले प्रसव की टारगेट का 30 प्रतिशत भी स्वास्थ विभाग पूरा नहीं कर पाया है सरकारी आंकड़ा के मुताबिक वर्ष 2024-25 में गरियाबंद जिले में कुल गर्भवती पंजीयन 17 हजार 569 बताया है जिसमें से 15 हजार 972 का लक्ष्य स्वस्थ अमला को मिला है और बीते अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक सिर्फ 4 हजार 351संस्थागत और निजी प्रसव हो पाया है और बचत आंकड़ा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए महज 3 माह ही है ऐसे में करीब करीब 10 हजार संस्थागत प्रसव का होना मुश्किल होने की समाचार पायनियर ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया रहा जिसके बाद चौक चौराहा से लेकर सोशल मीडिया में जोरदार तरीके स्वास्थ विभाग के कार्यप्रलाणी में सवाल खड़ा होने के बाद भी संस्थागत सुरक्षित प्रसव में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

# दिव्यांग बच्चों में होती है विशेष प्रतिभा : कविंद्र जैन



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के विभिन्न स्कूलों एवं संस्थाओं में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता धमतरी के इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुई। शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा के बैनर तले आयोजित इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने वक्तव्य में समाज सेवी एवं भाजपा नेता कविंद्र जैन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम बच्चे में छिपी उस विशेष प्रतिभा को पहचाने और उसको निखारें जिससे वह अपने जीवन में सफ्लता प्राप्त कर सके और अपने समाज और देश का नाम रौशन कर सके। जैन ने बताया कि आजकल किसी भी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे बच्चों को खेल या सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ साथ मनोवैज्ञानिक परामर्श भी मुहैया कराया जाना चाहिए जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर सके। पैरालंपिक 2024 में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया इससे प्रेरणा लेकर बच्चों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रोहिताश मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वो मुख्य धारा से जुड़ पाते हैं। समावेशी शिक्षा ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भी है। उन्होंने आयोजकों को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी तिवारी, पी सी पंकज रावटे सहित विभाग के अधिकारी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा सभी सफ्ल प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया तथा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

# निगम में भ्रष्टाचार, प्रशासक के समक्ष अनेक चुनौतियां

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस समर्थित शहरी सरकार अब निगम से अपने पांच साल के कार्यकाल को पूरा कर वहां से पृथक हो गई है। 6 जनवरी को प्रशासक के रूप में कलेक्टर चार्ज लेंगे। शासन के इस आदेश पर उक्त तिथी को जब पदभार संभालेंगी तो उनके समक्ष काफी चुनौतियां होंगी क्योंकि 5 साल के कार्यकाल में टेंडर, सप्लाई सहित एक ही व्यक्ति को लगातार करोड़ों का कार्य दिये जाने एवं निविदा में किये गये भेदभाव जैसे अनेक मुद्दे सामने रहेंगे जिसे लेकर शिकायतकर्ताओं, आम नागरिकों में काफी आशाएं जगी हैं। इन शिकायतों में अभी हाल ही में मकई तालाब गार्डन के निविदा में की गई गड़बड़ी शहर में चर्चित है जिसमें कम निविदा डालने वाले निविदाकार को उक्त गार्डन का पांच वर्ष का ठेका दे दिया गया जबकि इस निविदा के तहत सबसे ऊंची बोली बोलने वाले निविदाकार को उक्त ठेके से वंचित कर दिया गया है। नगर पालिक निगम में पिछले पांच साल में हुए टेंडर, सप्लाई, जेम से खरीदी की अगर निष्पक्ष जांच की जाती है तो भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आने से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासक के लिये यह एक बड़ी चुनौति के रूप में देखा जा रहा है। नगर पालिक निगम में पूर्ववर्ती शहरी सरकार के समय 50 टेंडर आमंत्रित किये गये थे जिसमें से 35 टेंडर ऐसे थे जो सेटिंग के आधार पर भरे गये थे। डेढ़ प्रतिशत कम दर पर इस टेंडर को स्वीकृत कराने के नाम पर भारी लेनदेन की शिकायतें भी हुई। उसके बाद यह टेंडर मेयर इन काउंसिल में रखा गया। यहां भी वह पास नहीं हो सका। इस बात को लेकर खूब हो-हल्ला मचा था। तत्कालीन कलेक्टर तक भाजपा के नेताओं ने इसकी शिकायत की थी। चूंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, इसलिये भाजपा के द्वारा की गई शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस टेंडर में भारी लेनदेन के समाचार भी शहर के बीच चर्चित रहा। इसके बाद कोरोना काल में आपदा को अवसर बनाते हुए टेप लगा हुआ मास्क, सेनेटाईजर खरीदी में भी बाजार दर से अधिक दर पर खरीदी की गई। इसी तरह फिनाइल, हार्पिक, डामर गोली के दर में भी बाजार दर से अधिक दर में खरीदी किये जाने की चर्चा होने लगी। इसके पश्चात ब्लीचिंग पाउडर




की सप्लाई में भी अधिक दर पर खरीदी किये जाने को लेकर इसकी शिकायत हुई। निर्माण कार्यों में भी लगातार शिकायत होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसी शिकायत प्रशासन को दी गई थी कि पूर्ववर्ती कार्यकाल अनाधिकृत विकास को अनुमति देने के नाम पर भारी गोलमाल किया गया है। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मित्रगण निवास करते हैं, उस क्षेत्र में भी डामरीकृत सड़कों का निर्माण करवाया गया है। शहर के नागरिकों ने अपनी मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु शहर में चमचमाती सड़कों की आस लिये पूर्ववर्ती शहरी सरकार को अपना भरपूर समर्थन दिया था। लेकिन निर्वाचित होने के बाद प्रथम वर्ष में ही टेंडर में घालमेल और 35 टेंडरों में कम दर पर स्वीकृति को लेकर खूब हल्ला हुआ था। ऐसी भी चर्चा रही कि इस टेंडर को पास कराने में एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के भ्राता और एक पार्षद द्वारा ठैकेदारों से इसकी अग्रिम राशि भी वसूली कर ली गई। वहीं एक ही सप्लायर को लगातार करोड़ों रूपये का कार्य बिना नियम कायदे के दिया गया है। यहां पदस्थ पार्षद ने रेल्वे की खसरा नंबर 159 की भूमि को अतिक्रमण कर लिया। वार्डवासियों के विरोध के बाद भी बाहुबली को ले जाकर वार्डवासियों को धमकाया गया। चूंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, इसलिये इसकी जांच नहीं की गई। वर्तमान में भी लाल बगीचा स्थित उक्त भूमि पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि का कब्जा बलात रूप से किये जाने को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। यहीं के एक पार्षद ने एक अन्य जमीन को लाखों रूपये में बेचने की भी जानकारी वार्डवासियों ने बताई है। इसके अतिरिक्त भी अनेक ऐसी शिकायतें जांच के अभाव में रद्दी की टोकरी में डाल दी गई है जिसे लेकर अब जांच की मांग बलवती हो रही है। ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लेने की जवाबदारी नवनियुक्त प्रशासक से किये जाने का भी समाचार प्राप्त हुआ है। नवागत प्रशासक के समक्ष उद्यानों में सैर एवं मनोरंजन के लिये आने वाले आम नागरिकों एवं बच्चों के सैर एवं सुविधाओं के लिये उद्यान में सौंदर्यीकरण के साथ साथ प्रबंधन के कार्य हेतु 8 तालाबों को लीज पर दिये जाने की एक निविदा आमंत्रित की गई। इन 8 निविदाओं में पहले नंबर की निविदा जिसके तहत मकई तालाब स्थित उद्यान को लेकर भी आहुत की गई थी जिसमें तीन संस्थाओं ने निविदा डाली जिसमें एक निविदाकार ने 2 लाख 21 हजार 111 रूपये का टैंडर भरा, उसे यह कार्य निगोसियेशन कर दे दिया गया जबकि एक अन्य निविदाकार ने इस गार्डन को लीज पर लेने के लिये 4 लाख 72 हजार रूपये की निविदा भरी थी। इसे कार्य न देकर निगोसियेशन के आड़ में 2 लाख 21 हजार 111 रूपये वाले निविदाकार को यह गार्डन पांच साल के लिये दे दिया गया जबकि अभी तक इस निविदाकार ने निविदा शर्तों के अनुरूप उनका पालन ही नहीं किया है। इस निविदा को देने में निविदा समिति चर्चा के दायरे में है। इस समिति में आयुक्त, उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, सहायक लेखाधिकारी शामिल हैं। इस निविदा में नियम एवं शर्तों का खुल्लमखुल्ला दुरूपयोग किया गया है जिसकी भी जांच की मांग शहर के नागरिकों ने नये प्रशासक से की है। ऐसे अनेक शिकायतें हैं जो नवागत प्रशासक के लिये किसी चुनौति से कम नहीं। अब देखना है कि नगरीय निकाय चुनाव होते तक प्रशासक की नियुक्ति के कार्यकाल में ऐसी शिकायतों का किस तरह निराकरण किया जाता है, या फिर निगम में हुए भ्रष्टाचार के मामले फिर से रद्दी की टोकरी में डाल दिया जायेगा।

# बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा घरेलू अगरबत्ती निर्माण का नि :शुल्क प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में दस दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के इच्छुकों से आगामी 9 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशकए बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि अगरबत्ती निर्माण से संबंधित जानकारी के साथ ही उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित है। प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवा हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए राशनकार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटो कॉपी और चार पासपोर्ट साईज फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में आवेदन जमा किया जा सकता है। गौरतलब है कि प्रशिक्षण के दौरान घर में पूजा कार्यक्रम में उपयोग होने वाले सुगंधित अगरबत्ती, हाथ से बने अगरबत्ती, लोभान धूप अगरबत्ती तथा आधुनिक मशीन द्वारा अगरबत्ती बनाना एवं अगरबत्ती की पैकेजिंग आदि की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मेबईल नंबर 73899.43193 और 88394.68509 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन जन सामान्य से समन्वय बनाकर करे कार्य : संभाग आयुक्त राठौर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



मिशन वातसल्य योजना अंतर्गत ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सेमीनार कक्ष में एक दिवसीय संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। बाल विवाह का दुष्प्रभाव स्वयं के जीवन के साथ-साथ समाज को भी दूषित करता है। संभाग आयुक्त ने अवगत कराया वर्तमान में राज्य में बाल विवाह की दर 12 प्रतिशत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए संभाग में हम सबको प्रयास करना है। प्रशासन के समस्त विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं जन सामान्य को भी समन्वय बनाकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरंतर प्रयास करना है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा बाल विवाह अर्थात कम उम्र में शादी समाज की प्रगति में बाधा डालती है। बाल विवाह प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए विशेषरूप से महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा बालिकाएं जल्द विवाह न करे। सबसे पहले सक्षम बनना आवश्यक है। बेटियां पहले सक्षम बने फिर विवाह करे। अभिभावक बेटियों, बहनों एवं महिलाओं को पढ़ाएं, उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे और समाज की प्रगति में सहयोग करे। कार्याशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक नंदलाल चौधरी ने प्रमुख रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा शासन प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत चरणबद्ध रूप से संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसकी शुरुआत दुर्ग संभाग से की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शासन प्रशासन समाज की सहभागिता से अभियान चला कर कार्य कर रही है। हमें लोगों को बाल विवाह एवं उससे होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना है। समाज के प्रमुख अपने अपने सामाजिक संगठनों में चर्चा कर जागरूकता लाने का कार्य करे। स्थानीय निकाय विशेष कर ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का प्रयास करे। कार्याशाला में बाल विवाह से संबंधित अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। युवोदय दुर्ग के दूत स्वयं सेवी टीम द्वारा बाल विवाह जागरूकता के लिए किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया।

**बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान-** प्रदेश में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन दृढ़ संकल्पित है। इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए बाल विवाह से प्रदेश को मुक्त करने हेतु पंचायत राज संस्थाओं व नगरीय निकाय के जन प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला समूहों, युवा संगठनों, शासकीय विभागों, गैर-शासकीय संस्थानों एवं आमजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में वरदान साबित हो रही है छत्तीसगढ़ सरकार की योजना संबंधी पुस्तके

## विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक और विश्वसनीय स्त्रोत

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लइका मन पढ़ही त छत्तीसगढ़ हा आगे बढ़ही। जीवन में सफलता दिलाने के लिए पुस्तक एक मार्गदर्शक का काम करती है। मार्गदर्शक का नाम लेते ही छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से संबंधित पुस्तकों का ख्याल जहन में आता है। छत्तीसगढ़ सरकार की जनमन पत्रिका एवं अन्य योजनाओं पर आधारित पुस्तके विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। पुस्तकों में प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का संकलन है। राज्य सरकार की सभी पुस्तके उपलब्धियों और जनहितकारी फैसलों पर केन्द्रित है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी शामिल है। यह पुस्तक जनसंपर्क कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। संघ, राज्य लोक सेवा आयोग और व्यापम जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का नाम आते ही विद्यार्थियों के मन मे एक डर और चिंता की भावना घर कर जाती है। परीक्षा नाम से ही सहम जाते हैं। जनसंपर्क विभाग की शासन की योजनाओं पर आधारित कल्याणकारी पुस्तके विद्यार्थियों का भविष्य लिख रही है। इन पुस्तकों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, जिससे परीक्षार्थी उक्त पुस्तक का अध्ययन कर सफलता की सीढ़ी पार कर रहे हैं। यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। जिले में संचालित विभिन्न एकेडमियों द्वारा जनमन पत्रिका, एक साल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां, सुशासन के नवीन आयाम, उदित छत्तीसगढ़ जैसी पुस्तके सीजीपीएससी, व्यापाम, शिक्षक एवं पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी में लगे विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। दुर्ग के न्यू आदर्श नगर में संचालित सृजन एकेडमी में सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही कुमारी अंजली महिलांगे ने बताया कि पुस्तक में सरकार की विभिन्न प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आकड़ों सहित बहुत ही अच्छे तरीके से दर्शायी गयी है। यह पुस्तक हमारे लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है।

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने पकड़ी आत्मनिर्भर बनने की नई राह

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के वार्ड नंबर 40 गनियारी पटेल पारा की महिलाओं ने जय माँ शाकाम्भरी स्व सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की राह पकड़ ली। समूह में पन्द्रह महिला सदस्य है। महिला समूह के सदस्यों ने शुरूआत से ही स्वंय की सहायता हेतु बचत कर अपने समूह को सशक्त बनाने का प्रण लिया था। महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर बन चुकी है। प्रारंभ में महिलाओं ने प्रति सदस्य 100 रूपए के आधार पर 1500 रूपए हर महीने बैंक में जमा करना प्रारंभ किया, जिसके उपरांत समूह को केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत 10 हजार रूपए आवर्ति निधि प्रदान की गई। समूह की महिलाओं ने संकलित जमा राशि से और बैंक लिंकेज के माध्यम से एच.डी.एफसी. बैंक भिलाई-3 से 50 हजार रूपए ऋण प्राप्त करके 40 डिसमिल जमीन में सब्जी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किये। समूह की महिलाएं उत्पादित सब्जी को गांव के सप्ताहिकी और आस-पास के बाजारों में बेचकर 15 से 18 हजार रूपए तक की आदमनी अर्जित करने लगे हैं। सब्जी की खेती से समूह की महिलाओं को रोजगार मिला है। साथ ही बैंक ऋण चुकाते हुए उनकी इस उपलब्धि से समूह आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो गया है।

# एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के दिए आदेश

## जिला दण्डाधिकारी ने दो लोगों को किया जिला बदर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला दण्डाधिकारी सु ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी सु चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर अजय दुबे और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 31 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना अजय दुबे एवं इन्द्रजीत उर्फ नेपाली प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी अजय दुबे पिता स्व. लवकुश दुबे थाना दुर्ग क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना दुर्ग में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 16 प्रकरण दर्ज है। इसी प्रकार इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू भी थाना सुपेला क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना सुपेला में विभिन्न अपराधिक गतिविधियों से संबंधित 15 प्रकरण दर्ज है।

# अब तक 1,71,762.65 मीट्रिक टन धान का किया गया उठाव



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 82586 किसानों से 3,93,239.16 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। धान उठाव के लिए 3,33,315.65 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया। अब तक 1,71,762.65 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

# माध्यमिक शाला पतरापाली में मनाया गया सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड रामानुजनगर के विभिन्न स्कूलों में सावित्रीबाई फुले का 194 वां जन्म दिवस मनाया गया। वही माध्यमिक शाला पतरापाली में सावित्री बाई फुले के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर, माल्यार्पण कर अगरबत्ती जलाया गया। संस्था के प्रधान पाठक बी.आर. हितकर ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने बाल विवाह व जातिवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी व विधवा विवाह करने के लिए समाज को जागरूक किया। अगर सावित्रीबाई के विचार आम जन तक ले जाने का काम जब तक नही होगा, तब ही उनका जन्म दिन मनाना सार्थक नही होगा। शिक्षक योगेश साहू द्वारा उनका परिचय दिया गया उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मी था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले से हुआ था। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। वे प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। 1852 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है।

# कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्र अरसनारा का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अरसनारा के धान संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अरसनारा में स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं किसानों से चर्चा की। संग्रहक केंद्र में अब तक 6887 मेट्रिक टन भण्डारण हुआ है। बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़ जिलों की समितियों से भी धान लाया जा रहा है। कलेक्टर सु चौधरी ने स्टेकों को ढ़ककर रखने, पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हमालों की टोली को 5 से बढ़ाकर 7 करने कहा। प्रतिदिन आ रही गाड़ियों को तुरंत खाली करने की व्यवस्था करने व स्टेक प्लान के अनुसार ही भण्डारण करने के निर्देश दिए।

**धान उपार्जन केंद्र ननकट्ठी का भी लिया जायजा:** कलेक्टर चौधरी ने धान उपार्जन केन्द्र ननकट्ठी का भी अवलोकन किया। केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि अब तक लगभग 800 किसान 40164 क्वि. धान बेच चुके है। कुल 25930 किलो धान का उठाव हो चुका है। कलेक्टर चौधरी ने ननकट्ठी केंद्र में नये स्टाक का चुनाव करके केन्द्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय समय पर धान की आद्रता एवं गुणवत्ता का जांच कर खरीदी करने को कहा। ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी को रोज की धान आवक की स्टेकिंग करने एवं गुणवता की जांच करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी खाद्य नियंत्रक टी.एस. अत्री, डी.एम.ओ. भौमिक बघेल व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

# महापौर परिषद की बैठक में 14 प्रकरणो में से 12 प्रकरणो में सहमति की गई प्रदान

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक गुरूवार को एमआईसी कक्ष में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं महापौर परिषद के सदस्यो की उपस्थिति में की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 14 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई। 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 5 सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से अनुमोदन किया गया। निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल वाहन चालक एवं हेल्फर उपलब्ध कराने का कार्य चर्चा के बाद पारित किया गया। राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 2021-22 तक निविदा उपरांत एसओआर से कम के कारण बचत राशि से कार्य कराये जाने की अनुसंशा प्रदान की गई है। इस कार्य हेतु संबंधित अभियंता की तारिफकी गई। इसी तारतम्य में तुम्हर शहर तुम्हर जिम्मेदारी के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित रामनगर मुक्तिधाम का उन्नयन विकास कार्य एवं रखरखाव कार्य को सलाहकार समिति की बैठक की अनुसंशा के पश्चात पुनः महापौर परिषद में रखे जाने की सहमति बनाई गई है। मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य में चर्चा कर पारित किया गया। तालाब की जलकुम्भी सफाई हेतु वीड हारवेस्टर मशीन क्रय किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सम्मति से पारित किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई जोन कार्यालय जोन क्र. 03 एवं शिवनाथ विस्तार योजना के मध्य स्थित भूमि के आबंटन कार्य को सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा के उपरांत आगामी महापौर परिषद की बैठक में पुनः प्रस्तुत करने को कहा। महापौर नगर पालिक निगम भिलाई एवं आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई हेतु आवास की आवश्यकता को देखते हुए सर्व सम्मति से पारित किया गया। साथ में यह भी चर्चा की गई एक विश्रामगृह निर्माण की भी आवश्यकता है। नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षागार्ड की सेवांए जारी करने के लिए प्रस्तुत संक्षेपिका के अनुसार सहमति प्रदान की गई।

## सूरज के किरपा पाबो,पीएम सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो,तीन सौ यूनिट बिजली मुफ़्त पाबो

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला की गई आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर नगर पालिक निगम के स्व.मोतीलाल वोरा सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल,कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, सी.एस. पी.पी.सी.एल आरके दानी, आरके जैन,वीपी मिश्रा, भवन अधिकारी गिरीश दिवान, अंजू देसाई, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, करण यादव, पंकज साहू, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।ट्रेनर द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मितानिन व निगम कर्मचारियों की टीम गठित को ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। कार्यशाला में योजना के फायदे और क्रियान्वयन के तरीकों एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह शहर क्षेत्रो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा के महत्व और उसके प्रभावों पर प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है। कार्यशाला में एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों ने अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया तथा विशेषज्ञों ने उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें योजना के फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए, जहां सौर ऊर्जा के उपयोग से परिवारों ने अपनी बिजली की आवश्यकताओं को पूरा किया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य केवल बिजली प्रदान करना नहीं है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान देना भी है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि यह योजना न केवल ऊर्जा की कमी को दूर करने में मदद करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर विकास को प्रोत्साहित भी करेगी। इसके माध्यम से नागरिकों को सस्ती, सुलभ और स्थायी बिजली की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कि कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के पोर्टल या मोबाईल ऐप में जाकर पंजीयन कराएं और इस योजना के सभी लाभ उठाएं। मुझे विश्वास है कि यह योजना 'बिजली बिल हाफ' नहीं बल्कि बिजली बिल समाप्त' कर देगी। यानी आपको 3 किलोवॉट के सोलर प्लॉट पर 300 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलेगी।

आप गर्व कर सकेंगे कि आप खुद बिजली के उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी। इसलिए आइये, अपने घर को पीएम सूर्य घर बनाने के लिये जल्दी से जल्दी पंजीयन कराइये।सूरज के किरपा पाबो, पीएम सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो, तीन सौ यूनिट बिजली मुफ़्त पाबो, एक बार का निवेश और जीवन भर की बजट।

# पेड़ लगाबो पर्यावरण बचाबो के नारा को ठेंगा दिखाकर रसूखदार कर रहे हैं अवैध कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला अंतर्गत महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा, मोतीपुर के आसपास अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रही है अवैध निर्माण कार्य करने वाले के हौसले इतने बुलंद कि वह जंगल के बाउंड्री वॉल को भी नहीं छोड़ रहे हैं। उसको भी ध्वंस कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिस पर प्रशासन की हाथ नहीं पहुंच पा रही है। हम बात कर रहे हैं पाटन ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सांकरा से मोतीपुर मार्ग की जहां पर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण कार्य रोड के किनारे किया जा रहा है। आपको दे कि छत्तीसगढ़ शासन के नारा पेड़ लगाबो पर्यावरण बचाबो के नारा को भी अनदेखा करते हुए रोड के किनारे अवैध निर्माण रसूखदारों के द्वारा किया जा रहा है। प्रशासन से नोटिस मिलके के बाद भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। मोतीपुर से पाटन रोड पर अनेको जगह आपको देखने को मिलेगी की रोड के किनारे सरकारी जमीन पर सुंदर-सुंदर पेड़ पौधे शासन प्रशासन के निर्देश अनुसार वन विभाग के द्वारा लगाया गया है। लेकिन अमलेश्वर से मोतीपुर चौक तक सड़क किनारे सरकारी जमीनों पर रसूखदारों का कब्जा है। यहां पर रोड किनारे पेड़ पौधा लगाने से शासन प्रशासन अपने हाथ को खींच रहे हैं। यह अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा करने वाले लोग शासन के बहुमूल्य जमीन को अवैध कब्जा कर लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे हैं।

## संपादकीय

### प्रिया को बचाएं यमन में मौत की सजा

**यमन** में मौत की सज़ा काट रही केरल की नर्स निमिशा प्रिया की कहानी ने व्यापक बहस और चिंता को जन्म दिया है। यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी द्वारा उसकी मौत की सज़ा को मंजूरी दिए जाने के साथ ही, उसकी रिहाई के लिए समय कम होता जा रहा है। उसकी कहानी कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि खाड़ी और कई अन्य देशों में काम करने वाले कई लोगों के सामने आने वाली एक कठिन परीक्षा है। यह मामला न केवल एक व्यक्ति के भाग्य के बारे में है, बल्कि न्याय, कूटनीति और मानवाधिकारों के बारे में भी गंभीर सवाल उठाता है। प्रशिक्षित नर्स निमिशा प्रिया निजी अस्पतालों में काम करने और अपना करियर बनाने के लिए यमन चली गईं। 2015 में, उन्होंने सना में एक क्लिनिक खोलने के लिए यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी के साथ भागीदारी की। यमन के कानूनों के अनुसार व्यवसायों के लिए स्थानीय प्रायोजन की आवश्यकता होती है और महदी ने प्रिया के लिए वह भूमिका निभाई। हालाँकि, यह पेशेवर रिश्ता एक बुरे सपने में बदल गया। महदी ने क्लिनिक के स्वामित्व के दस्तावेजों में हेराफेरी की, जाली और मॉर्फ्ड तस्वीरों का इस्तेमाल करके दावा किया कि वह उसका पति है और उसके वित्त पर नियंत्रण कर लिया। उसे मानसिक रूप से परेशान किया गया और अपने ही घर में शारीरिक यातना और कारावास के अधीन किया गया। 2017 में, अपना पासपोर्ट वापस पाने और उसके चंगुल से बचने के लिए बेताब, प्रिया ने महदी को बेहोश करने की कोशिश की। दुर्भाग्य से, अधिक मात्रा के कारण बेहोश करने वाली दवाएं घातक साबित हुईं, जिससे उसकी मौत हो गई। यमनी न्यायिक प्रणाली ने उसे हत्या का दोषी पाया और उसे मौत की सजा सुनाई। उसकी सजा के खिलाफ अपील करने के प्रयास समाप्त हो गए हैं, यमनी सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया है। जबकि महदी की मौत निस्संदेह दुखद है, प्रिया केवल अपना जीवन वापस पाना चाहती थी और जबरदस्ती और क्रूरता से भागना चाहती थी। अगर उसे फांसी दी जाती है तो यह न्याय का उपहास होगा और इसका मतलब पीड़ित को दंडित करना होगा।



उसकी रिहाई यमन की जनजातीय न्याय प्रणाली से जुड़ी एक जटिल प्रक्रिया पर निर्भर करती है और माफ़ी पाने के लिए आरोपी को महदी के परिवार को रक्तदान का भुगतान करना होगा। मृत्युदंड की छूट सुनिश्चित करने के लिए यमन के अधिकारियों और जनजातीय नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय कूटनीतिक चर्चाएँ आवश्यक हैं। इसके अलावा, रक्तदान के लिए जन समर्थन जुटाना एक रास्ता हो सकता है। प्रक्रिया में निष्पक्षता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए यमन के कानून और जनजातीय वार्ता में विशेषज्ञता वाली एक समर्पित कानूनी टीम को नियुक्त करना महत्वपूर्ण है। मानवाधिकार मुद्दे के रूप में वैश्विक मंचों पर प्रिया के मामले को उजागर करने से अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिल सकता है और यमन पर उसकी सज़ा पर पुनर्विचार करने का दबाव पड़ सकता है। प्रिया का मामला अपमानजनक परिस्थितियों में पकड़े गए प्रवासियों की दुर्दशा को रेखांकित करता है। उसके कृत्य, हालांकि गंभीर थे, लेकिन पूर्व नियोजित नहीं थे बल्कि प्रणालीगत शोषण की पृष्ठभूमि के खिलाफ आत्म-संरक्षण से प्रेरित थे। प्रिया को भारत वापस भेजने से उसे बेहतर सुनवाई का मौका मिलेगा। भारत सरकार और नागरिक समाज को उसकी रिहाई सुनिश्चित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास बढ़ाने चाहिए कि उसे अपना जीवन फिर से शुरू करने का उचित मौका मिले।

# संसदीय प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता

## संसदीय प्रक्रिया में तुरन्त सुधारों की आवश्यकता है ताकि संसद में अनुशासन, गरिमा और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। संसद का बहुत समय बेकार नष्ट हो जाता है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**हा**लिया शीत सत्र में संसद की उत्पादकता रिकार्ड स्तर पर सबसे कम रही। इससे वह अपने निर्धारित काम का केवल 52 प्रतिशत पूरा कर सकी। संसद की उत्पादकता इतनी कम होने के पीछे अनेक तत्व शामिल हैं जिनमें कामकाज में बाधा, समुचित कोरम पूरा न होना, आदि शामिल हैं। सत्ता पक्ष और आक्रामक विपक्ष के बीच टकराव इस सत्र में लगातार जारी रहा। संसद का इस सत्र में प्रदर्शन उसकी उत्पादकता बनाए रखने के मामले में एक चुनौती की तरह है। संसद में विपक्ष खासकर अडानी मुद्दे पर चर्चा करना चाहता था। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने यह मुद्दा बार-बार सार्वजनिक स्तर पर भी उठाया था। विपक्ष के अनुसार अपनी प्रभावशीलता के कारण अडानी मुद्दा सार्वजनिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण था। इसके साथ ही विपक्ष ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डा. बी.आर. अंबेडकर पर अपने बयान पर माफी मांगने के लिए जोर डाला था। डा. अंबेडकर भारतीय इतिहास के अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। हालांकि, सरकार टकरावों के बावजूद लचीला दृष्टिकोण अपनाने को तैयार नहीं थी जिसके कारण पूरे शीत सत्र में उत्पादकता केवल 40.03 प्रतिशत रही। इन विपरीत परिस्थितियों में भी लोकसभा में पेश पांच विधेयकों में चार पास किए गए। राज्सभा ने शीत सत्र में तीन विधेयकों को मंजूर किया। इस सत्र में लोकसभा में कामकाज के 65 घंटे और 15 मिनट बरबाद हुए जो 2024 में सर्वाधिक थे। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष द्वारा पेश कार्यस्थगन की अनेक मांगों को स्वीकार नहीं किया गया। 18वीं लोकसभा अनेक प्रकार से एकदम अलग थी। एक दशक में पहली बार संसद में विपक्ष मजबूत स्थिति में था तथा आधिकारिक रूप से उसके पास एक नेता विरोधी दल-एलओपी था। वर्तमान समय में संसद के भीतर तथा बाहर विभिन्न दलों में कड़वाहट बढ़ रही है। दोनों पक्षों में से कोई भी झुकने को तैयार नहीं है। ऐसे में संसद की गरिमा, अनुशासन तथा सम्मान बनाए रखना अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए संसदीय प्रक्रिया में सुधारों की आवश्यकता उजागर होती है। पहले की किसी भी स्थिति की तुलना में आज यह बहुत जरूरी हो गया है और इस मामले में त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

संसद के हालिया शीत सत्र पर करदाताओं का 97,87,50,000 रुपया खर्च हुआ। संसदीय सत्र चलाने का खर्च प्रति मिनट 2.5 लाख रुपये से अधिक है। इससे सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है, अत: संसदीय प्रक्रियाओं को तत्काल सुचारु बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें अपनी संसदीय प्रक्रियाओं की तत्काल समीक्षा करनी चाहिए। संसद चलाने पर आने वाले भारी खर्च तथा इसकी कम उत्पादकता को जल्दी से जल्दी संबोधित किया जाना चाहिए। अक्सर संसद दिन में कई बार स्थगित होती है। पिछले पांच दशकों में संसद का स्थगन समय 100 गुना से अधिक बढ़ा है। इससे संसदीय प्रक्रिया का मुद्दा तुरन्त संबोधित करने की आवश्यकता उजागर होती है। उदाहरण के लिए संसद के शीत सत्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग तथा कांग्रेस नीत सक्रिय 'इंडिया' विपक्षी समूह द्वारा बार-बार विरोध प्रदर्शन देखने को मिले।

> **इस सत्र में लोकसभा में कामकाज के 65 घंटे और 15 मिनट बरबाद हुए जो 2024 में सर्वाधिक थे। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष द्वारा पेश कार्यस्थगन की अनेक मांगों को स्वीकार नहीं किया गया। 18वीं लोकसभा अनेक प्रकार से एकदम अलग थी।**

भाजपा के सांसद ने कांग्रेस पार्टी पर डा. बाबा साहेब अंबेडकर को 'अपमानित' करने का आरोप लगाया। जबकि नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा 'इंडिया' समूह के सांसदों ने अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के कारण केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। इस मुद्दे पर हुई हाथापाई में दो सांसदों को चोट लगी और यह मामला पुलिस तक पहुंचा। सभी राजनीतिक पार्टियों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय अंबेडकर की विरासत का सम्मान करना चाहिए। संसद में पेश अन्य विधेयकों में मुसलमान वक्फ वापसी विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक, आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक, बिल्स आफ लेडिंग बिल, कैरेज आफ गुड्स बाई सी बिल, रेलवे संशोधन विधेयक, बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक तथ तेलक्षेत्र नियमन एवं विकास संशोधन विधेयक शामिल हैं। सरकार ने एक विवादास्पद विधेयक-'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भी पेश किया जिसे संसदीय स्थाई समिति को भेज दिया गया। विडंबना है कि भले ही सांसदों को विधि-निर्माता कहा जाता हो, पर विधेयकों को शोर-शराबे में बिना समुचित चर्चा के पास किया गया। संसदीय बहसों पर लगने वाले समय में कमी लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। विरोध प्रदर्शन, कार्य स्थगन तथा सत्रों का समय घटाए जाने से सत्रों का लगभग आधा समय समाप्त हो गया है। आदर्श रूप से सांसदों को सरकार से सवाल पूछने चाहिए, विभिन्न मुद्दों पर सूचनायें प्राप्त करनी चाहिए तथा प्रश्नकाल के माध्यम से उसके कामकाज पर सवाल भी उठाने चाहिए।

अल्पकालीन सूचना प्रश्न, ध्यानाकर्षण तथा कार्यस्थगन प्रस्ताव, आदि कार्यपालिका पर विधायिका का नियंत्रण स्थापित करते हैं। लेकिन ये सब तभी प्रासांगिक होते हैं जब संसद सही ढंग से चल रही हो। इसे देखते हुए संसदीय व्यवस्था को सफ्ल बनाने के ज्यादा प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए अनुशासन, चरित्र तथा सार्वजनिक नैतिकता की मजबूत भावना सभी सांसदों में होनी जरूरी है। ऐसे में पहले के किसी भी समय की तुलना में आज समग्र एवं तत्काल संसदीय सुधारों की आवश्यकता है। यह काम तुरन्त किया जाना जरूरी है। सभी पक्षों को इस व्यवस्था में तत्काल सुधार की जरूरत समझनी चाहिए जिनमें राजनीतिक विश्लेषक और नागरिक भी शामिल हैं। संसदीय मामलों के प्रशासन में दिलचस्पी लेने वाले राजनीतिक दलों से लेकर नागरिकों तक सभी पक्षों को इसकी तात्कालिकता अनुभव करनी चाहिए। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सुधार भी आवश्यक हैं। संसद की भूमिका नई आर्थिक नीति से भी जुड़ी है। इसके लिए राज्य की भूमिका में व्यापक कमी की भी जरूरत हो सकती है। इसे देखते हुए संसद का पेशेवर ढंग से कार्य प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए तकनीकों का प्रयोग किया जाना चाहिए। हालांकि, हमें उचित ही पिछले पांच दशकों में संसद के तार्किक रूप से सफ्ल कामकाज पर गर्व होना चाहिए, पर संसद को बदलते समय की आवश्यकताओं को देखते हुए अपने में सुधार करना होगा। हमें सावधानी से सतर्कता पूर्वक इच्छित परिवर्तनों पर राष्ट्रीय सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। आखिरकार संसद जनता तथा सरकार के बीच संप्रेषण और संवाद का माध्यम है। इसे देखते हुए स्वस्थ संसदीय व्यवहारों तथा गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के सभी प्रयास किए जाने चाहिए। यह संसद की गरिमापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। इस दिशा में सरकार और विपक्ष को आपस में सहयोग करना चाहिए।

# श्वेत क्रिसमस का सपना

> **"यूयॉर्क में क्रिसमस के बारे में कुछ ऐसा है जो हमेशा के लिए अमर हो जाता है। चाहे कितने भी साल बीत जाएं या आप इसे कितनी भी बार देखें, इसका जादू कभी फीका नहीं पड़ता।"**

श्रेया दयाल
(लेखिका, शोधकर्ता हैं)



**प**हली बार जब मैंने छुट्टियों के दौरान न्यूयॉर्क शहर देखा, तब मैं 19 साल की थी, मैं अपने दोस्तों के साथ एक तूफानी यात्रा पर कॉलेज की नयी छात्रा थी। यह सर्दियों का मेरा पहला वास्तविक अनुभव था- बर्फ, कड़ाके की ठंड और ऐसी ठंडी हवा जो आपके गालों को लाल कर देती है। एक ऐसी जगह से होने के नाते जहाँ क्रिसमस का मतलब टिमटिमाती रोशनी वाले ताड़ के पेड़ होते हैं, बर्फ से ढके शहर को देखना एक नई दुनिया में कदम रखने जैसा लगा। मुझे तब यह नहीं पता था, लेकिन उस यात्रा से शहर के साथ मेरा प्यार जगमगा उठा और आखिरकार पाँच साल बाद मैं यहाँ वापस आ गयी। मुझे अभी भी याद है कि कैसे बर्फ ने मुझे चौंका दिया था। यह उस तरह की कोमल, तस्वीर जैसी नहीं थी जिसकी मैंने फिल्मों में कल्पना की थी। यह कठोर, अथक और बिल्कुल ठंडी थी। उस ब्लैक फ्राइडे पर टाइम्स स्क्वायर से गुजरते हुए, उन परतों में लिपटे हुए जो अभी भी पर्याप्त नहीं लग रही थीं, मैंने शहर को एक तरह से जीवंत होते देखा जो बिजली जैसा महसूस हुआ। यह केवल ऊंचे-ऊंचे बिलबोर्ड या अंतहीन बिक्री के संकेत नहीं थे जो रात के सभी घंटों में खरीदारों को दुकानों में आकर्षित करते थे। यह ऊर्जा थी- बर्फ में एक-दूसरे से बचते हुए छुट्टियों के सौदों का पीछा करते हुए लोगों की स्पष्ट गूंज। यह अव्यवस्थित, भारी और अविस्मरणीय था। चमकती रोशनी और बर्फीले फुटपाथों के पागलपन में कहीं, मुझे पता था कि मैं किसी दिन वापस आना चाहता था-एक आगंतुक के रूप में नहीं, बल्कि यहाँ के किसी व्यक्ति के रूप में। उस यात्रा के दौरान, हमने वह सब कुछ किया जो आपको न्यूयॉर्क में पहली बार क्रिसमस का अनुभव करते समय करना चाहिए। हमने रॉकफेलर सेंटर के पेड़ को देखा, जो स्केटिंग रिंक के ऊपर ऊँचा था, इसका हर इंच चमक रहा था जैसे कि इसे किसी परीकथा से निकाला गया हो। जब हम वहाँ खड़े थे, तो ठंड ने मेरी उंगलियों को काट लिया, यह सब देख रहे थे। एक पल के लिए, भीड़ और ठंड गायब हो गई, केवल रोशनी की कोमल जगमगाहट और किसी ऐसी प्रतिष्ठित चीज़ के सामने खड़े होने का विस्मय रह गया। मेट पूरी तरह से एक अलग दुनिया थी। किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने इसके बारे में केवल किताबों में पढ़ा था, इसकी भव्यता में कदम रखना अवास्तविक लगा। प्रदर्शनियों में घूमते हुए, मैं यहाँ के इतिहास और कला के जीवंत होने के तरीके से मंत्रमुग्ध हो गयी। बाहर, बर्फ फिर से गिर रही थी, लेकिन मैं अपने आस-पास की सुंदरता में इतना खो गया था कि ठंड का एहसास ही नहीं हुआ। वह यात्रा सिर्फ़ नज़ारों के बारे में नहीं थी; यह उन पलों के बारे में थी जो मेरे जाने के बाद भी लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उन पलों में से एक ब्रॉडवे पर फैंटम ऑफ़ द ओपेरा देखना था। उस थिएटर में बैठकर, झूमर के गिरने और फैंटम की भयावह कहानी को सामने आते हुए देखकर, मुझे एक तरह का जादू महसूस हुआ जिसे मैं बयां नहीं कर सकता। यह सिर्फ़ एक शो से कहीं बढ़कर था-यह एक ऐसा पल था जिसने मुझे एक ऐसे तरीके से ज़िंदा महसूस कराया जैसा मैंने पहले कभी नहीं किया था।




बर्फीली रात में थिएटर से बाहर निकलते हुए, ऑर्केस्ट्रा की आवाज़ें अभी भी मेरे दिमाग में गूंज रही थीं, मुझे शहर से एक ऐसा जुड़ाव महसूस हुआ जिसे मैं हिला नहीं सकता था। ऐसा लगा जैसे न्यूयॉर्क ने अपनी बाहें मेरे लिए खोल दी हों और फुसफुसाते हुए कहा हो, वापस आओ।

पांच साल बाद, मैं वापस आ गयी। उस पहली यात्रा के बाद से ही मैं न्यूयॉर्क में रहने का सपना देखती थी, और अब मैं यहाँ थी, एक पर्यटक के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो शहर को अपना घर कहता है। यह मज़ेदार है कि वे शुरुआती यादें अभी भी इतनी जीवंत लगती हैं, जैसे कि वे मेरा एक हिस्सा हों। आज टाइम्स स्क्वायर से गुजरते हुए, मैं अभी भी उस ठंडी ब्लैक फ्राइडे की रात के बारे में सोचती हूँ जब मैंने पहली बार बर्फ का सामना किया था। रॉकफेलर के पेड़ को देखकर अब उस पहली यात्रा की झलकियाँ याद आती हैं- इसकी सुंदरता को देखकर विस्मय में खड़े होना और एक ऐसे भविष्य के बारे में सपने देखना जो किसी तरह वर्तमान जैसा लगता है। यहाँ तक कि जब मैं ब्रॉडवे शो देखती हूँ, तो मैं यह याद किए बिना नहीं रह पाती कि कैसे फैंटम ऑफ़ द ओपेरा ने मुझे पहली बार इस शहर से प्यार करने पर मजबूर कर दिया था।

न्यूयॉर्क में क्रिसमस के बारे में कुछ ऐसा है जो हमेशा के लिए अमर हो जाता है। चाहे कितने भी साल बीत जाएं या आप इसे कितनी भी बार देखें, इसका जादू कभी फीका नहीं पड़ता। बर्फ अभी भी चमकती है, रोशनी अभी भी चमकती है, और शहर अभी भी उस अचूक छुट्टियों की ऊर्जा से गुलजार रहता है। मेरे लिए, यह सिर्फ़ नज़ारों या बर्फ़ के बारे में नहीं है-यह इस बारे में है कि यह शहर आपको कैसा महसूस कराता है। यह इस बारे में है कि यह आपको अपनी अराजकता, अपनी सुंदरता और अपने जादू में कैसे लपेटता है, और आपको ऐसी यादें देता है जो जीवन भर बनी रहती हैं। न्यूयॉर्क शहर में एक सफ़ेद क्रिसमस सिर्फ़ एक छुट्टी नहीं है-यह एक कहानी है। और मेरे लिए, यह एक 19 वर्षीय व्यक्ति की कहानी है जिसे बर्फ़, रोशनी और शहर से प्यार हो गया।

# भारतीय संस्कृति का समेकित जयघोष है प्रयागराज महापर्व महाकुंभ 2025

विजय मिश्रा 'अमित'
वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी
रायपुर (छग)



विश्व का सबसे बड़ा सनातन धर्म मेला कुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक होने जा रहा है। सनातनी परंपरा का यह पड़ाव बारह वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद धर्मालुओं को मिलने जा रहा है। भारतीयों को ही नहीं अपितु विदेशियों को भी अपनी भव्यता और आध्यात्मिकता के लिए कुम्भ मेला अपनी ओर खींचता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान निकले अमृत कलश की बूंदे भारत भूमि के चार शहरों यथा प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक, में गिरी थी। इसी तथ्य के आधार पर कुंभ मेले का आयोजन प्रत्येक बारह वर्षों के अंतराल में इन शहरों में होता है। धार्मिक मान्यता है कि इन शहरों की पावन धरा पर बहने वाली पवित्र नदियों (गंगा यमुना सरस्वती शिप्रा गोदावरी) में इस दौरान स्नान करके दान करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ में छह दिन शाही स्नान क्रमशः 13 जनवरी पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी मकर संक्रांति, 29 जनवरी मौनी अमावस्या, 3 फरवरी बसंत पंचमी, 12 फरवरी माघी पूर्णिमा तथा 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होना है। शाही स्नान के लिए पंद्रह किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है। 35 पुराने और 9 नए पक्के घाट बनाए गए हैं। सभी 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक 'रिवर फ्रंट'(नदी किनारे सौन्दर्य स्थल) का निर्माण कराया गया है। प्रारंभिक आकलन के मुताबिक महाकुंभ में देश-विदेश के करीब पैंतालीस करोड़ आस्थावान आगंतुकों के शामिल होने की संभावना व्यक्त की गई है। यह एक विश्व कीर्तिमान होगा। यहां आने वाले सभी धर्मालुओं को जी पी एस युक्त डिजिटल रिस्ट बैंड देने की व्यवस्था की गई है, जिससे व्यक्ति विशेष के गुम हो जाने अथवा अन्य अप्रत्याशित घटना -दुर्घटना की स्थिति में लोकेशन की जानकारी हो सकेगी। इसके अलावा इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर को अपग्रेड किया गया है। इससे भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। सी सी टी वी कैमरों को देखने के लिए बावन सीटर चार व्यूइंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, 11 भाषाओं में एआई चैट बॉट, बहुभाषीय डिजिटल खोया-पाया केंद्र, ड्रोन आधारित निगरानी एवं आपदा प्रबंधन,आदि की चाकचौबंद व्यवस्था की गई है।

मेले की विशालता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 4000 हेक्टेयर क्षेत्र को मेला स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो की पूर्व के वर्षों में 3200 हेक्टेयर होता था। श्रद्धालुओं के आवास हेतु दो हजार से अधिक विशालकाय तंबुनुमा टेंट सिटी बनाए गए हैं। समस्त क्षेत्रों की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से पाबंदी रखी गई है। खान-पान के लिए दोना पत्तल का उपयोग सुनिश्चित किया गया है। कुंभ स्थल की सफाई हेतु दस लाख सफाई कर्मी सेवारत रहेंगे।

स्वच्छता के साथ ही सुरक्षा,पार्किंग,प्रकाश और स्वास्थ्य सुविधाओं का बृहद विस्तार किया गया है। यातायात आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु बड़े-बड़े खोखले कंटेनरों से पानी पर तैरता हुआ चलित सेतु ÷पोंटून पुलों÷ का निर्माण किया गया है। कुंभ स्थल में साठ हजार से अधिक सड़क बत्ती से पूर्णिमा सदृश्य रोशन करने की तैयारी की गई है। श्रद्धालुओं के भीतर सौंदर्य बोध और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की दृष्टि से दीवारों पर भारतीय सभ्यता संस्कृति पर केंद्रित चित्ताकर्षक चित्रकारी, इंद्रधनुषी लाइटिंग की गई है। प्रयागराज के नैनी स्थित अरैल तट पर कुंभ की आध्यात्मिकता को और अधिक समृद्ध करने के लिए शिवालय पार्क का निर्माण भारत के मानचित्र के आकार में किया जा रहा है। लगभग 11 एकड़ में फैले पार्क में 12 ज्योतिर्लिंगों, नेपाल के शिवालय सहित देश के अन्य प्रमुख मंदिरों के प्रतिरूपों को दर्शनार्थी देख सकेंगे। पार्क की खासियत यह है कि इसका निर्माण वेस्ट मटीरियल से किया जा रहा है,जो कि पर्यावरण के अनुकूल रहेगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को महाकुंभ में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमंत्रित किया है। उनकी ओर से आमंत्रण पत्र लेकर आए उत्तर प्रदेश के मंत्री द्वय सुनील शर्मा और संजय गोंड़ 10 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री से मिले और आमंत्रण पत्र, गंगाजल तथा कुंभ का प्रतीक चिन्ह उन्हें भेंट किये। इस अवसर पर सीएम साय ने कुंभ स्थल पर छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं हेतु ठहरने खान- पान प्रबंध समुचित बनाए रखने जोर दिया। विदित हो कि कुंभ जाने आने के लिए छत्तीसगढ़ से तीन स्पेशल ट्रेन की सुविधा रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान की गई है।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कबीरधाम में भागवत साहू जैसे कई सूदखोर मौजूद, लोग परेशान





**पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा**
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में हटकी ब्याज पर लोगों को पैसा देकर मूलधन से कई गुना ज्यादा राशि की वसूली किया जाता हैं। जो कई वर्षो से निरंतर जारी है। सूदखोरों के पास कोई वैद्य लाइसेंस भी नहीं है। जरूरत मंद लोगों से ब्लैंक चेक, आधार कार्ड, जमीन संबंधी दस्तावेज, बाइक और कार सहित अन्य सामग्रियों को गारंटी के रूप में रखकर राशि दिया जाता हैं। हाल ही में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 12 लाख नगदी सहित अन्य सामग्री की बरामदगी किया गया है। अपराध क्रमांकः 03/2025 धारा 308(2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम। 04/2025 धारा 308(2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) ने कहा, कबीरधाम पुलिस किसी भी प्रकार के शोषण या अन्याय के खिलाफ पूरी ताकत से उनके साथ खड़ी है। सूदखोरों का नेटवर्क कितना भी गहरा क्यों न हो, हमारी कार्रवाई से इसे पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। इस कार्रवाई ने उन पीड़ितों में आशा का संचार किया है, जो अब तक चुपचाप इस जाल में फंसे हुए थे। पुलिस ने इन पीड़ितों को विश्वास दिलाया है कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। कबीरधाम पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि यदि आप सूदखोरी का शिकार हैं या ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी रखते हैं, तो बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके अलावा, नागरिकों को शासन द्वारा उपलब्ध आर्थिक सहायता /लोन योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी जाती है। यह कार्रवाई कबीरधाम पुलिस की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। सूदखोरी और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफपुलिस का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस की कोशिश है कि समाज को इन शोषणकारी कुप्रथाओं से मुक्त कर एक सुरक्षित और समतामूलक वातावरण तैयार किया जाए।

### सूदखोर से ये सामग्री हुई जब्त

कबीरधाम पुलिस ने सूदखोरी के कुचक्र में फंसे पीड़ितों को न्याय दिलाने और समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में सशक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने सूदखोरी के मामलों में संलिप्त एक आरोपी भागवत साहू, पिता गोवर्धन साहू, निवासी मजगांव थाना कवर्धा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में आरोपी की संपत्तियों और अवैध दस्तावेजों को जब्त कर सूदखोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया गया। भागवत साहू वर्षों से पीड़ितों को मोटे ब्याज पर कर्ज देकर उनके साथ आर्थिक शोषण करता था। कर्ज न चुकाने पर वह पीड़ितों की मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, और अन्य कीमती संपत्तियां जबरन गिरवी रखवाकर उनका विक्रय इकरारनामा करवा लेता था।

### लाइसेंस नहीं

साहूकारी करने के लिए शासन से नियमानुसार लाइसेंस की आवश्यकता होती है। जिसके अनुसार लोगों को उधर या व्याज पर राशि देने के लिए नियमानुसार ब्याज दर लिया जाता हैं और रिकॉर्ड भी संधारित किया जाता हैं जो कानूनी रूप से मान्य होता हैं लेकिन कबीरधाम जिले में सारी नियमों को ताक में रखकर कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भागवत साहु लोगो को पांच से दस प्रतिशत ब्याज दर पर राशि देता था जिससे लोग परेशान होकर शिकायत किए है।

### जब्त सामग्री

सूदखोरी के रैकेट को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने 12 लाख नगद, 92 ब्लैंक चेक (पीड़ितों के हस्ताक्षरित), 12 मोटरसाइकिलें, 1 कार, 1 ट्रैक्टर (ट्राली सहित), गाड़ियों के पंजीयन दस्तावेज और अन्य संपत्ति कागजात।

# लोलेसरा में संत समागम मेला के चौका आरती में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू बेमेतरा जिले के ग्राम लोलेसरा में पंथ हुजुर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीरपंथ के संत समागम मेला में चौथे दिन चौका आरती में शामिल हुए। इस दौरान दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू भी उपस्थित रहे। विधायक दीपेश साहू ने साहेब बंदगी की जयघोष के साथ कबीरपंथ के गुरु गोसाई डॉ.भानुप्रताप नाम साहब से आर्शीवाद प्राप्त किया और भव्य आयोजन के लिए पूरे आयोजन समिति और कबीरपंथ के अनुयायियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि साहेब बंदगी मानव से मानवता तक और एक दूसरे को सह-सम्मान करने तथा अभिवादन करने की पवित्र संस्कृति है। इस संस्कृति की महत्ता एवं ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है साहू ने कहा की कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक दूसरे को जोड़ने का मार्ग दिखाया। प्रकाश मुनि नाम साहब कबीरपंथ के गुरु प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सतगुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाते हुए साहेब बंदगी अभिवादन का मूल स्वरूप एवं संदेश दिया। गुरु गोसाई डॉ भानुप्रताप साहेब ने कहा कि कबीरपंथ के लोग जब भी अपनों से मिलते है तो उन्हे सच्ची भाव और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। साहेब बंदगी का मूल अर्थ मानव और मानवता के अंदर घट-घट में बसे परमात्मा को महसूस करते हुए उन्हें पूरे आदर और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। कबीरपंथ में ऐसी मान्यता है कि हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर और परमात्मा का वास है, उसी को सम्मान देते हुए साहेब बंदगी कहते है। उन्होंने कहा है कि कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक-दूसरे को जोड़ने का एक सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाया है। इस पंथ में जाति, धर्म, संप्रदाय की कोई बंधन नहीं है। यहां सभी धर्मा को मानने वाले लोग कबीर के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन को उचाई दे रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता सुरेंद्र सिँह, राजेश जैन, परमेश्वर वर्मा, मोंटी साहू, निखिल साहू, संजूसिँह राजपूत, धर्मेंद्र साहू, सोम ठाकुर, बिसेन साहू दीनानाथ साहू हनुमत साहू, त्रिलोकी साहू उपस्थित रहे।

# जेवरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन



**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरी में बाल मेले का बहुत सुंदर आयोजन किया गया। मेले के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा था। मेले में चाय, काफी, गुपचुप, पकौड़े, मोमोस बड़ा, मैगी, पास्ता, पापड़ आदि के बहुत सुंदर स्टाल लगाए थे। साथ ही विभिन्न खेलों का आयोजन कर बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाते नजर आये। इस बाल मेला में आसपास के बच्चे व शिक्षक भी शामिल हुए। संस्था प्रमुख रमेश तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में उत्साह के साथ एकता व सहयोग की भावना का विकास होता है। शाला की शिक्षिका इंद्राणी साहू ने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है।आवश्यकता होती है, उन्हें सीखने के अवसर प्रदान करना। बाल मेला बच्चों के लिए, बच्चों के द्वारा लगाया गया एक ऐसा मंच होता है, जिससे बच्चों के जीवन में व्यवहारिक गुणों के साथ साथ व्यवसायिक गुणों का भी विकास होता है। सभी गाँवों के सचेतक एवं स्कूलों के शिक्षकों ने भी इस मेले में अपना सहयोग प्रदान किया। बाल मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नन्हें नन्हें बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना व उनकी भावनाओं का सम्मान करना था। बस्ता विहीन दिवस को बच्चों ने बहुत रुचिपर्ण ढंग से उपयोग किये। इस अवसर पर शिक्षक जीवन राम भास्कर, रुकेश साहू व इन्द्राणी साहू सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।



# बीईओ अरुण खरे ने गुनरबोड़ स्कूल का औचक निरीक्षण किया

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरुण खरे के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने प्रधान पाठक आशा कुजूर सहित सभी शिक्षकों को उपस्थित पाया। कक्षा संचालन व्यवस्थित रूप से हो रहा था। बीईओ खरे ने सीधे कक्षा में जाकर बच्चों से बातचीत की। बच्चों को पुस्तक पढ़वाया तथा पहाड़ा पूछा। बच्चों की हाजिर जवाबी से खुश होकर बच्चों को चाकलेट बांटे। साथ ही सफाई कर्मचारी को निर्देशित किया। रसोइया को भी सफाई हेतु निर्देशित किया। शौचालय मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतू निर्देशित किया। प्रधान पाठिका आशा कुजूर से अपार आई डी, जाति निवास प्रमाण पत्र, यू डाइस की जानकारी ली। शिक्षिका विधि शर्मा से कक्षा के गतिविधियों पर चर्चा की तथा और मेहनत कर वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाने हेतु निर्देशित किया।

# एसपी ने चंदनू थाना का किया निरीक्षण



**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना चंदनू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना में उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली-मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट तामिल करने दिए गए दिशा निर्देश। तथा शाम को चौक-चौराहों में विजिबल पुलिसिंग करने और रात्रि गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही करने निर्देश दिये गये।

# बीजा गोड़ स्कूल में मनाई गई सावित्री बाई फुले की जयंती

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



जहां नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। जहाँ नारी की पूजा नहीं होती, सम्मान नहीं होता, वहाँ सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं, और वह देश और समाज तरक्की नहीं कर सकता। 3 जनवरी को साजा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में देश की प्रथम महिला अध्यापिका माता सावित्री बाई फूले की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रोल प्ले, चित्रांकन एवं रचनात्मक लेखन कर उन्हें याद किया गया। विद्यालय की बालिका को माता सावित्री बाई फुले बनाकर रोल प्ले किया गया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा द्वारा उनके समाज को दिये गये योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि वे एक महान समाज सुधारक थी और महिलाओं के लिए प्रथम विद्यालय का निर्माण किया। उन्होंने समाज से बाल विवाह, अश्पृश्यता, जातीय एवं लिंग भेदभाव को मिटाने का भरसक प्रयास किया। विधवा पुनर्विवाह के लिए आपके प्रयास सराहनीय रहे। माता सावित्री बाई फूले का जन्म 3 जनवरी 1831 तथा मृत्यु 10 मार्च 1897 को पुणे महाराष्ट्र में हुई। माता सावित्री बाई फूले ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए गाँव गाँव जाकर ज्ञान का अलख जगाया। इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन साजा की रिसोर्स पर्सन स्वागता कर्मकार ने भी अपने विचार रखे।

# कलेक्टर ने किया छिंदगांव में मक्का फसल एवं पटेली में एनीकट का निरीक्षण





**पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान छिंदगांव में मक्का फसल एवं पटेली में एनीकट का निरीक्षण किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव में किसानों से मक्का फसल के उत्पादन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों ने फसल उत्पादन के समय आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने मक्का बेचने हेतु सोसायटी नही होने की समस्या, उड़द, मक्का बीज की उपलब्धता की समस्या को बताया। किसानों ने प्रतिएकड़ मक्का का उपज 25-30 क्विंटल उत्पादन होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 एकड़ में 'पापकार्न' हेतु कच्चा मक्का बीज विक्रय हेतु फसल तैयार किया गया है। किसानों ने बताया कि धान के बदले मक्का उत्पादन से कम पानी में अच्छी फसल की पैदावार हो जाती है। उन्होंने बताया कि 70-75 एकड़ में 50-60 किसानों ने मक्का उगाया है। इस तरह अन्य किसान भी मक्का उत्पादन के लिए प्रेरित हो रहे है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को किसानों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने एवं उनके समस्याओं के समाधान का उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम पटेली में स्थित नदी पर बने एनीकट का निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि पटेली एनीकट के निर्माण होने से किसानों को सिंचाई पर्याप्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है। इसके साथ भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि हुई है। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपानल अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com

मिट्टी तेल डालकर माचिस से आग लगाकर हत्या करने का आरोप में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। चैतराम सेन उम्र 43 साल साकिन बैजलपुर हाल पता कोबिया बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31/12/2024 के सुबह करीबन 05.30 बजे चचेरा भाई ने इसे फोन करके बताया कि आपके पिता द्वारिका जले हुए हालत में गंभीर अवस्था में आंगन में पड़ा है, कि सूचना मिलने पर अपने गांव बैजलपुर जाकर देखा तो पिताजी घर आंगन में जले हुए हालत में कराहते हुए पड़ा था तब 108 एम्बुलेस वाहन को बुलाये, उसके बाद पिताजी से घटना के बारे में पूछा तो पिताजी ने बताया कि रोशन साहू बहू के साथ बातचीत एवं हमेशा हमारे घर आना जाना करता है जिसे मना करने के बाद भी 30/12/2024 के रात्रि करीबन 09.00 बजे हमारे घर आया था जिसे हमारे घर से निकलते हुए देखने पर वह बहू से पूछा कि मना करने के बाद भी रोशन साहू हमारे घर क्यों आया था। इसी बात पर से बहू के साथ वाद विवाद हुए हैं जिससे बहू अपनी मां एवं भाई को बैजलपुर बुलाकर अपने लड़का को साथ लेकर अपने मायके चली गयी है। तुम्हारी मां एक सप्ताह पूर्व से अपनी बहन के घर गयी है। रात में अकेला घर में सोया था, तब रात्रि करीबन 01.00 बजे पेशाब करने के लिए उठकर घर के आंगन में बने बाथरूम में जा रहा था, घर के आंगन का लाईट जल रहा था। तब वह देखा कि घर के आंगन परछी में गांव के रोशन साहू छुपकर बैठा था जो मुझे देखकर प्लास्टिक डिब्बा में रखे मिट्टी तेल को मेरे ऊपर डालकर माचिस से जलाकर भाग गया, बताने पर मुझे घटना की जानकारी हुआ तब वह अपने पिताजी द्वारिका सेन को 108 एम्बुलेस के आने पर ईलाज के लिए अपने परिजनों के साथ जिला अस्पताल बेमेतरा लेकर आया। मेरे पिताजी आग से बहुत अधिक जल जाने के कारण डाक्टर साहब द्वारा तत्काल रिफर करने पर 108 एम्बुलेंस से अस्पताल रायपुर ले जाकर ईलाज के लिए भर्ती किये थे कि 01/01/2025 के रात्रि करीबन 01.00 बजे ईलाज के दौरान पिता द्वारिका सेन की मृत्यु हो गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

# नवविवाहित महिला ने की फांसी लगा कर आत्महत्या



**पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com

नवविवाहित महिला के आत्महत्या, करने की जानकारी मिल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 23 की रहने वाली महिला माया हरपाल जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बतायी जा रही हैं 3 जनवरी की रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पति पत्नी का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने घर के छत में लगे पाइप में चुन्नी से लटक कर झूल गई। परिवार द्वारा उसे उतारकर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला वार्ड नंबर 23 में रहती थी जिसका लगभग 1 साल पहले सूरज हरपाल नाम के युवक के साथ उसका विवाह हुआ था लड़की का मायका सुपेला (भिलाई) है। मृतका के परिजनों का कहना है कि ये आत्महत्या नही है हमारी बेटी की हत्या की गयी हैं मौके पर तहसीलदार व पुलिस की टीम पहुंच कर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है। राजहरा पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने मृतका के परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि जांच पूरी ईमानदारी से की जाएगी, तथा जो भी वास्तविकता है उसका पता किया जाएगा।

# भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने नागरिकों की समस्याओं को लेकर बीएसपी महाप्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

**पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा**
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के नेता श्याम जायसवाल ने माइंस आफिस में मुलाकात कर बीएसपी मुख्य महाप्रबंधक आर.बी गहरवार को 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर दल्लीराजहरा की जनता को हो रही परेशानियों का हवाला देकर तत्काल सभी मांग को पूरा करने का निवेदन किया है। जिस पर मुख्य महाप्रबंधक गहरवार ने कहा कि दल्लीराजहरा के नागरिकों के हित में बीएसपी सदैव कार्य करने को तत्पर रहता है और आपके मांग पत्र पर हम शीघ्र फैसला करके उचित कदम उठाएंगे तथा दल्लीराजहरा के नागरिकों सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। युवा नेता श्याम जायसवाल ने जो 20 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। वह इस प्रकार है। दल्लीराजहरा टाउनशिप सहित नगर के समस्त बीएसपी रोड जर्जर हो चुके हैं इनका डामरीकरण शीघ्र किया जाये, टाउनशिप में सभी जर्जर बिल्डिंग को तोड़ पुनः निर्माण किया जाये, टाउनशिप में हर स्ट्रीट व सड़क किनारे अत्यधिक गाजर घास उग आये है। इनको शीघ्र साफ किया जाये, टाउनशिप के हर रोड पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु एलईडी एवं हर चौक में हाईमास्क लाइट लगाया जाये, बीएसपी के क्वार्टर में हर 8 घण्टे में पानी देने तीनो शिफ्ट में व्यवस्था कराया जाये, टाउनशिप के अंदर सभी नालियों की हर 15 दिन में पूर्ण सफाई की व्यवस्था बनाई जाये। कैम्प एरिया के बीएसपी रोडो का डामरीकरण किया जाये। बीएसपी सिंगल क्वाटर जो थर्ड पार्टी को दिया गया है उसकी भी मरम्मत कराई जाये। बीएसपी क्वार्टर थर्ड पार्टी को देने के नियम को सरल कर लिए जाने वाले डिपॉजिट की राशि 1 लाख किया जाये, बीएसपी के समस्त कॉम्प्लेक्स को वर्तमान मालिकों के नाम पर ट्रांसफर किया जाये, . सप्तगिरी पार्क के अंदर सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये, सप्तगिरी पार्क के अंदर के सीसु रोड जर्जर हो चुके है। उसके स्थान पर पेवर ब्लॉक लगाया जाये। सप्तगिरी पार्क के अंदर योग व प्रयाण के लिये बने चबूतरे की मरमत की जाये, सप्तगिरि पार्क के अंदर पर्याप्त लाईट हर जगह लगाया जाये, सप्तगिरी पार्क के अंदर गाजर घास की कटाई करवाई जाये, सप्तगिरी पार्क के अंदर खरगोश, कबूतर, मुर्गो आदि के व्यवस्थित तरीके से रख उन्हें जनता को देखने के लिये सामने जाली के जगह काँच के ग्लास लगाये जाये, पार्क की साफ सफाई व देखरेख हेतु कम से कम 20 कर्मचारियों की नियुक्ति 2 शिफ्ट में किया जाये, पार्क के अंदर कम से कम तीन स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था की जाये, सप्तगिरी पार्क के अंदर ओपन जिम का निर्माण किया जाये, सप्तगिरी पार्क के अंदर बने तालाब को गहरीकरण कर नौका विहार पुनः शुरू किया जाये।

# एसपी ने की कलेक्टर की सराहना तो सीईओ जिंप ने नववर्ष मिलन समारोह के आयोजन को बताया उत्कृष्ट नवाचार

## जिला प्रशासन द्वारा किया गया नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com






जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी के समीप स्थित आफिसर क्लब में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे (आइएएस), अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कलेक्टर ने नेक कार्य करने संकल्प लेने कहा**-कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नये साल में आम जनता के हितों के लिए सदैव संकल्पित रहकर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु नया संकल्प लेने की अपील की। कलेक्टर ने नये साल में समाज के बेहतरी एवं अपने शासकीय दायित्वों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु निरंतर ज्ञानार्जन करते रहने तथा नेक कार्य करने की भी संकल्प लेने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों एवं व्यवहार की भूरी-भूरी सराहना की।

**एसपी ने कलेक्टर की भूरी भूरी सराहना**-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर एसआर भगत ने जिले के संवेनदशील कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के कुशल नेतृत्व में जिले में हुए उल्लेखनीय कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने नव वर्ष मिलन समारोह के इस आयोजन को जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का मिलन एवं अपने विचारों को साझा करने का भी बेहतरीन माध्यम बताया। डॉ. सजंय कन्नौजे ने इस आयोजन को जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा शुरू किए गए उत्कृष्ट नवाचार बताया। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए अपने सेहत के प्रति भी जागरूक रहकर शासकीय कार्यों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियो को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### 148 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से घरों में दिया जा रहा शुद्ध पानी

जशपुरनगर। पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत किलकिला के ग्राम नारायणपुर में ग्राम वासियों को हर घर जल योजना




के तहत् घर पर ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है, गांव में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्राम में 2 उच्च स्तरीय जलागार स्ट्रक्चर लगा हुआ है जिसकी क्षमता 20000 लीटर है और कुल 148 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा सभी के घरों को पानी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत् हर घर जल योजना से लाभान्वित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन और लंगर वितरण







पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरुद्वारा साध संगत, स्टेशन रोड से यात्रा प्रारंभ कर नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों से होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मार्किट गुरुद्वारा में समाप्त की। यात्रा का मार्ग स्टेशन रोड, राजस्थान भवन, गांधी चौक, राम मंदिर, जैन मंदिर, फव्वारा चौक, पुराना नगर पालिका तिराहा, और विवेकानंद चौक से होते हुए गुरुद्वारा तक था। यात्रा में श्रद्धालु गुरु के नाम का जाप करते हुए बढ़े, और हर स्थान पर भव्य कीर्तन हुआ। रागी जत्थे और कीर्तनकारों ने गुरु के शब्दों का गायन किया, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का संचार हुआ।

यात्रा के बाद, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मार्किट गुरुद्वारा में गुरु का अतुट लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर सभी धर्मों के लोग एक साथ बैठकर लंगर का प्रसाद ग्रहण करते हुए गुरु की महिमा का गुणगान कर रहे थे। लंगर में रोटियाँ, दाल, सब्ज़ियाँ और अन्य पकवान थे, जो गुरु की दी हुई सेवा की भावना को दर्शाते थे। इस आयोजन के माध्यम से समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा दिया गया, और श्रद्धालुओं ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और उपदेशों को याद किया। नगर के सभी धर्मप्रेमी इस पावन अवसर पर एकत्र हुए और गुरु के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन में गुरु गोबिंद सिंह जी के योगदान और उनके सिद्धांतों का प्रसार किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य, और न्याय के प्रति अपनी निष्ठा को दृढ़ करने का प्रेरणा मिला। यह आयोजन मनेन्द्रगढ़ में एकता और प्रेम का प्रतीक बन गया।

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, कहा राजस्व एवं सिविल न्यायालय का निर्माण हो एक ही स्थान पर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




नवीन जिला सकती में जहाँ कई कार्यालय जेठा सकरेली में कई जिला कार्यालय एवँ सिविल न्यायालय निर्माणाधीन हैं जिला अधिवक्ता संघ सकती के पदाधिकारियों एवँ अधिवक्ता गणों ने सिविल न्यायालय के पास ही राजस्व न्यायालय निर्माण करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरुण कुमार सोम को ज्ञापन देकर मांग की है ज्ञापन में बताया गया हैं पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को इस बात पर पर सहमति जताई थी एवँ निर्माणाधीन सिविलन्यायालय के पास 3 एकड़ शासकीय भूमि आरक्षित किया गया था लेकिन अब तक इस सम्बंध में कोई कार्यवाही नही की गई हैं अधिवक्ताओं का कहना है कि सिविल एवँ राजस्व न्यायालय एक ही स्थान में होने पर पक्षकरो एवँ वकीलों को न्याय दान में सहूलियत होगी ज्ञापन में कहा गया है कि सिविल न्यायालय के पास राजस्व न्यायालय स्थापित करने प्रक्रिया शुरू किया जाय अन्यथा अधिवक्ताओं को आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सकती संदीप बनाफर कोषाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल अधिवक्ता एव पूर्व विधायक चैन सिंह सामले अधिवक्ता सुभाष शर्मा गिरधर जायसवाल अलका जायसवाल पीयूष राय अरविंद भारद्वाज सहित अधिवक्ता गण उपस्थिति रही।

# 155 नग नशीली इंजेक्शन के साथ एक महिला को थाना सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कारोबार व सूखा नशा के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। थाना सूरजपुर पुलिस ने एक महिला से 155 नग नशीली इंजेक्शन जप्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है।

थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम देवनगर की गोसिया फातिमा नशीली दवाई बिक्री हेतु रखी है। थाना सूरजपुर पुलिस सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंची जहां गोसिया फातिमा पिता अब्दुल रहमान उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम देवनगर के कब्जे से 145 नग नशीली इंजेक्शन व 10 नग एविल इंजेक्शन वायल कुल 155 नग इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 80 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियां को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई विवेकानंद सिंह, बबीता यादव, प्रधान आरक्षक पुष्पा पैंकरा, आरक्षक रविराज पाण्डेय, रामकुमार नायक, महिला आरक्षक चिंता पैंकरा, रौशनी सिंह व तारावती सिंह सक्रिय रहे।

# दिगंबर जैन मंदिर में 3 जनवरी से हुआ विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भगवान दिगंबर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ बहुत ही भक्ति के साथ हुआ, प्रातः 7:00 बजे से समस्त जैन बंधु जैन मंदिर में एकत्रित होकर अभिषेक शांति धारा, पूजन करने के पश्चात महिलाओं ने तांबे केकलशो में श्रीफल लगाकर घट यात्रा निकाली।घट यात्रा नैला जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची सिद्ध चक्र महामंडल विधान स्थल की मंत्रोच्चार के साथ शुद्धियां करने के पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम जैन मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। मदन लाल जी विमला देवी राजेश कुमार लुहाड़िया परिवार के द्वारा समस्त जैन समाज एवं विधानाचार्य मयंक शास्त्री के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में प्रातः पूजन में नैला जांजगीर चापा बमनीडीह, शक्ती के धर्म प्रेमी बंधु सपरिवार पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त किये प्रथम दिन के कार्यक्रम में शिखर से पुणे की ओर पद यात्रा कर रही आर्यिका सफल मति माताजी के आशीर्वाद सिद्ध चक्र महामंडल विधान के सभी पात्रों को प्राप्त हुए। आर्यिका माताजी ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान निर्विघ्न संपन्न होने मंगल आशीर्वाद जैन समाज नैला को दिया। रात्रि महा आरती करने का सौभाग्य प्रभात ममता जैन (बाहुबली इंद्र) चांपा वाले के निवास से बैंड बाजे एवं रथ के साथ निकलकर महा आरती नैला मंदिर पहुंची सभी भक्तों ने महा आरती में भाग लिया।

# 19 जनवरी को संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की कार्यकारिणी बैठक सक्ती में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन आगामी 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को सुबह 10:30 से शाम 5:00 तक अग्रवाल सभा शक्ति के आतिथ्य में हटरी धर्मशाला शक्ति में रखा गया है,उपरोक्त जानकारी देते हुए संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल रायगढ़ एवं महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाली बैठक में संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर से संबद्ध सभी सभाओं, समस्त पदाधिकारीयो एवं सभी सदस्यों का आमंत्रित किया गया है, तथा इस बैठक का की कार्य सूची के अंतर्गत 19 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से 11:00 तक आगंतुक सदस्यों का पंजीयन एवं नाश्ता, सुबह 11:00 से दोपहर 1:45 तक प्रथम सत्र, दोपहर 1:45 बजे से 2:30 तक लंच भोजन,दोपहर 2:30 से शाम 4:00 तक द्वितीय सत्र,शाम 4:00 से 4:30 तक खुला सत्र एवं शाम 4:30 बजे से शाम 5:00 तक हाईटी तथा समापन सत्र होगा। अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि 19 जनवरी की बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, आगामी परिचय सम्मेलन के संबंध में चर्चा, सुझाव एवं निर्णय, आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत चर्चा, प्रस्ताव, सुझाव एवं निर्णय, चिकित्सा एवं शिक्षा स्थाई कोष में वृद्धि के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं निर्णय, तथा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से होंगे, संभागीय महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि बैठक के पश्चात शक्ति के प्रतिष्ठित राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन, विशेष पूजा अर्चना एवं प्रसाद का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में रह रहे 22 संदिग्धों पर पुलिस ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत रामानुजगंज के 15 वार्ड में बगैर अनुमति के रह रहे 22 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्नानकित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने जांच के दौरान जब इनके पास से निवास से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई तो इनके पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं मिला तत्पश्चात पुलिस ने उक्त व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 128 के तहत कार्यवाही करते हुए दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

**वाहन सवारी संचालकों को दी गई समझाइए**-रामानुजगंज थाना अंतर्गत संचालित होने वाले सवारी वाहनों में टेंपो जीप मारुति वैन सहित अन्य वाहनों के संचालकों की थाने में उपस्थित उपरांत यातायात नियमों का बेहतर पालन करने के लिए उनको समझाइए दी गई। साथ में उनका यही हिदायत दिया गया कि खाकी कलर का गणवेश एवं नेम प्लेट, शराब सेवन कर वहां न चलाना सहित सभी मोटरयान अधिनियम का पालन करना अनिवार्य होगा। पुलिस ने यह भी हिदायत देखी आप सबों के वाहनों में सफर करने वाले किसी व्यक्ति पर संदेह हो या वह संदिग्ध स्थिति में दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल रामानुजगंज पुलिस को दी जाए ताकि समय रहते ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर क्षेत्र में शांति बहाल की जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी,उप निरीक्षक निर्मल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक अतुल दुबे, प्रधान आरक्षक मायापति सिंह, राजवाड़े, बसंत आरक्षक जगमोहन, नागेश्वर, कैलाश, रयामलाल, संदीप, रामहरी व समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

# जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति की बैठक संपन्न, नए सत्र के लिए ईश्वर लोधी बने रहेंगे अध्यक्ष, क्लब के सदस्यों का होगा बीमा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंचल के पत्रकारों के सशक्त संगठन जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति की कार्यकारिणी की बैठक 4 जनवरी को क्लब के उपाध्यक्ष नरेश गेवाड़ीन के स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, बैठक के दौरान आने वाले नए सत्र के लिए जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति की विधिवत प्रक्रिया के तहत वर्तमान अध्यक्ष ईश्वर लोधी पर उपस्थित सभी सदस्यों ने पुनः अपना विश्वास व्यक्त करते हुए नए सत्र के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी, तो वहीं बैठक के दौरान जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के सभी सदस्यों का व्यक्तिगत जीवन बीमा संस्था की ओर से करवाये जाने का निर्णय लिया गया, एवं बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि यदि जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति से कोई पत्रकार साथी जुड़ना चाहता है,तो वह अपना आवेदन दे सकता है, तथा आवेदन को आगामी बैठक में स्वीकृति मिलने के पश्चात ही उसे सदस्यता दिलाई जाएगी, साथ ही बैठक के दौरान नए सत्र जनवरी 2025 से सभी सदस्यों को वार्षिक सदस्यता शुल्क राशि 500/-रुपये जमा करने की भी बात कही गई तथा बैठक के दौरान 3 जनवरी को बीजापुर के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हुई निर्मम हत्या के मामले में जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति ने पूरे मामले की निंदा करते करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की तथा बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की, तथा बैठक में जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के आय-व्यय का लेखा-जोखा आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने की भी बात कही गई तथा संगठन हित में विभिन्न निर्णय लिए गए, बैठक के दौरान आगंतुक सदस्यों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था क्लब के उपाध्यक्ष नरेश गेवाडीन की ओर से की गई एवं 4 जनवरी को आयोजित बैठक के दौरान जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के संरक्षक राजकुमार दरयानी, महबूब खान,अध्यक्ष ईश्वर लोधी, सचिव कन्हैया गोयल, कोषाध्यक्ष समस्तवरेज (पप्पू खान), उपाध्यक्ष नरेश गेवाडीन, रंजन सिन्हा, संतोष सोनी लाला, मोहन देवांगन, संजय अग्रवाल (बंटी) सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# सक्ती में 5 को मां शांति लक्ष्मी के महामंगल पाठ कार्यक्रम का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



5 जनवरी 2025 दोपहर 3:00 बजे से सक्ती की हटरी धर्मशाला में मां शांति लक्ष्मी बरपाली उड़ीसा वाले के महामंगल पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक संतोष महंत एवं प्रसिद्ध गायिका पुष्पा वैष्णव माता शांति लक्ष्मी के मंगल पाठ की प्रस्तुति एवं संगीत मय भजनों के माध्यम से माता का गुणगान करेंगे, उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए धर्म प्रेमी, समाज सेविका मीना अरुण अग्रवाल ने बताया कि 5 जनवरी को वार्षिक उत्सव के रूप में माता शांति लक्ष्मी के इस मंगल पाठ का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी धर्म प्रेमी महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया है, तथा कार्यक्रम को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है, एवं माता शांति लक्ष्मी के भव्य दरबार का की स्थापना प्राकृतिक फूलों के माध्यम से की जाएगी मीना अरुण अग्रवाल ने सभी माता शांति लक्ष्मी भक्त महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर महामंगल पाठ के पुण्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### महिला बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े ने सक्ति जिले में विभिन्न विभागो की ली बैठक

**सूरजपुर**। महिल बाल विकास मंत्री एवं सक्ति, जिले की प्रभारी मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सक्ति जिला पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय बैठक लिया।

इस दौरान उन्होंने जिले के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर परिसर में पूर्व में स्वयं के द्वारा किये गए पौधारोपण का निरीक्षण किया और पौधारोपण करने और उसके सुरक्षा हेतु हरसंभव उपाय करने के लिए कहा।

**0FFICE OF DISTRICT EDUCATION OFFICER**
**DISTRICT NORTH BASTAR KANKER, CHHATTISGARH**

EoI No./11718/DEO/Library/2025    Date: 03/01/2025

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST**

District Education Office, Kanker invites sealed EoI for setup of District Library from reputed Publishers/ Authorized Suppliers for supply of selected books, journals, designed library furniture, common furniture and accessories under providing and fixing methodology.

The EoI document can be obtained from Office of District Education Officer, Kanker by paying cash of Rs. 1000/- during office hours upto 13th January 2025, 5:00 PM. Last date for submission of Proposal is 14th January 2025 upto 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM.

District Education Officer
North Bastar, Kanker, Chhattisgarh

**न्यायालय नजूल अधिकारी बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

क्र./22/वाचक-02/2025    बैकुण्ठपुर, दिनांक 03/01/2025

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सुचित किया जाता है कि आवेदक दीपककुमार सिंह चौहान आ. शशिकुमार सिंह चौहान जाति-क्षत्रीय निवासी ग्राम-भांडी, तहसील-बैकुन्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि बैकुन्ठपुर स्थित नजूल प्लाट न. 19/1ग 19/2ग रकबा 935 वर्गफुट भूमि आवेदक एंव अनावेदक भाई-बहनों का नाम संयुक्त खाते में दर्ज है। उक्त भूमि में अनावेदक गण अपना पंजीकृत हकत्याग नामा दिनांक 16/12/24 को कर दिये जाने से हकत्याग ग्रहिता दीपक कुमार सिंह चौहान को अपना हक त्याग कर दिये जाने से अनावेदकगणों का नाम विलोपित किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत हकनामा शपथ पत्र मेन्टनेस खसरा आधारकार्ड पेश किया गया है।

उक्त नांमातरण में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/01/2025 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

मुहर
नजूल अधिकारी
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 05/क/भू.व्यप/अविअ/24    सरायपाली दिनांक 03/01/2025

आवेदिका ज्योति किरण पटेल पति राजेश कुमार पटेल निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम अर्जुण्डा में स्थित भूमि खसरा नंबर 80/5 रकबा 0.16 हे. में से 0.06 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 10/क/भू.व्यप/अविअ/24    सरायपाली दिनांक 03/01/2025

आवेदिका ज्योति किरण पटेल पति राजेश कुमार पटेल निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बांजीबहाल में स्थित भूमि खसरा नंबर 785 रकबा 0.28 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

# राज्यपाल ने मांढ़र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्‌घाटन किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने धरसींवा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मांढ़र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया और लोगों को जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। वर्तमान समय में जब हमारी जीवनशैली तेजी से बदल रही है, तो स्वस्थ रहने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता अत्यंत आवश्यक हो गई है। ग्राम पंचायत मांढ़र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रागंण में हमारा समर्पण ट्रस्ट एवं विभिन्न संस्थानों के सहयोग से आयोजित निः शुल्क शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार एवं परामर्श दिया गया। शिविर में राज्यपाल डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। राज्यपाल ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह शिविर न केवल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाना है, बल्कि लोगों को यह समझाना भी है कि बीमारी का समय पर पता लगाकर उसका ईलाज करना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए भी प्रसन्नता व्यक्त कि और कहा कि थोड़ा रक्तदान करके आप मानवता की बड़ी सेवा कर सकते हैं। रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अवश्य रक्तदान करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश को वर्ष 2025 तक टी.बी रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। देश एवं प्रदेश सरकार इस दिशा में बहुत कार्य कर रही है। देश को टी.बी. मुक्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। समाज में जागरूकता लाएं कि टी.बी. रोग लाईलाज नहीं है। नियमित दवाई लेकर इससे मुक्त हो सकते हैं। राज्यपाल ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, नियमित जांच कराएं, संतुलित आहार लें, व्यायाम करें, और नशामुक्त जीवन अपनाएं। उत्तम स्वास्थ्य, परिवार, समाज और राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने जीवन को स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने शिविर आयोजन के लिए 'हमारा समर्पण ट्रस्ट' और उनके सहयोगियों चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा, सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली की निदेशक (निवारक स्वास्थ्य और कल्याण) डॉ. सोनिया रावत, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. वेदप्रकाश चतुर्वेदी, एम्स की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेणु राजगुरू सहित विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# व्यवसायिक वाहन चालकों का किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस, यातायात जागरूकता रथ ग्राम सिवनी के साप्ताहिक बाजार पहुंचकर ग्रामीणों को पीए सिस्टम एवं यातायात जागरूकता पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक। ट्रैफिक सिग्नल में रूकने वाले वाहन चालकों को वितरण किया गया यातायात जागरूकता संबंधी पाम्पलेट, शहर में पैदल पेट्रोलिंग कर किया गया यातायात व्यवस्थित। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने नया कृषि मंडी श्यामतराई के पास व्यवसायिक वाहन चालकों का स्वास्थय / नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थय विभाग के टीम द्वारा 103 व्यवसायिक वाहन चालकों का स्वास्थय / नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 04 वाहन चालकों को नेत्र संबंधी समस्या होने पर चश्मा लगाकर वाहन चालन करने समझाईश दी गई, साथ ही शिविर में उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का प्रशिक्षण देकर यातायात नियमों से संबधित पाम्पलेट वितरण किया गया। इसी क्रम में ग्रामीणजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से



यातायात जागरूकता रथ ग्राम सिवनी के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर ग्रामीण जन को पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमावली संबंधी पाम्पलेट वितरण किया गया। यातायात स्टाफ द्वारा शहर के चौक-चौराहों में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में बताकर वाहनों को स्टाप लाईन में ही रोकने, लेफ्ट टर्न फ्री रखने, हरी लाईट जलने पर ही आगे बढने, रांग साईड वाहन नही चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया साथ ही शहर में पैदल पेट्रोलिंग करते हुए बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित करते हुए दुकानदारों को दुकान में आने वाले व स्वयं के वाहनों को मार्ग से हटाकर व्यवस्थित खड़े कराने समझाईश देते हुए यातायात नियमों का पालन करने बताया जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल लाहोद में किया गया नवीन कानून के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

नवीन कानूनों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लाहोद, बलौदाबाजार एवं पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या विद्यालय बलौदाबाजार में रंगोली, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में दौरान एसडीओपी बलौदाबाजार, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, एपीसी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा तथा संस्था की प्राचार्य की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों द्वारा कानून से संबंधित आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। एसडीओपी बलौदाबाजार ने बच्चों से रूबरू होते हुए उनके द्वारा कानून से संबंधित बनाए पेंटिंग की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए कानून से संबंधित इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यालयीन विद्यार्थियों को भी कानून व्यवस्था की जानकारी प्राप्त होगी साथ ही साथ वो जागरूक होंगे। सांथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के साथ-साथ उनको पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। निश्चित रूप से इस तरह के आयोजन से विद्यार्थी भी नवीन कानून व्यवस्था से अवगत हो सकेंगे।

# बालसमुंद मे हुआ सुपोषण चौपाल का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में कुपोषण को लेकर महिला एवं बाल विकास द्वारा हमर स्वास्थ्य लइका अभियान शुरू किया गया है। इसी कडी में परियोजना बेमेतरा अंतर्गत आने वाले बालसमुंद पंचायत मे सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। जहां तीन गर्भवतियों का गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन कराकर उपस्थित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के पालकों, सरपंच, उपसरपंच, पंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और समूह कि महिलाओं को सुपोषण चौपाल के महत्व को विस्तार से बताया गया। चौपाल मे बताया गया कि 06 माह तक बच्चे को केवल स्तनपान, 06 माह पूर्व



शुरुआत में घर में बने भोजन को मसलकर खिलाना तथा जब बच्चा खाने लग जाये तो थोड़ा थोड़ा, बार बार खिलाना, एवं गर्भवती महिलाओं को नियमित वजन करना, टीकाकरण, टीएचआर का सही उपयोग, आयरन, कैल्सियम का सेवन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना से प्राप्त राशि का अपने पोषण एवं स्वस्थ पर उपयोग करने का सही सलाह दिया गया एवं चर्चा कि गई। कुपोषण की जड़ बाल विवाह को रोकने की रणनीति बनाई गई, एक स्वस्थ बालक के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। विकास के चरण के बारे में बताया गया। पोषण के पाँच सुत्र - प्रथम 1000 दिन विटामिन से भरपूर भोजन, आयरन, कैल्शियम से भरपूर भोजन, व्यक्तिगत साफ सफाई एवं आस पास के पर्यावरण की, साफ सफाई, दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक की दवाई। शिशुवती महिलाओं से स्तनपान पर चर्चा की गई। हाथ धुलाई पर चर्चा कर, हाथ धोने की सही विधि करके दिखाई गई। कार्यकर्ता, मितानित को नियमित रूप से गृह भेट कर व्यवहार परिवर्तन करने को कहा गया। स्थानिय भोजन अनाज, मुनगा, बथुआ भाजी लाल भाजी पालक भाजी का प्रयोग नियमित रूप में करने को कहा गया। 07 कुपोषित बच्चों का वजन एवं लंबाई/ ऊंचाई लिया गया। ग्राम बालसमुंद की समस्त कार्यकर्ताओं को मिशन 100 के तहत पृथक से रजिस्टर तैयार कराया गया एवं उक्त जानकारी ग्राम बावा मोहतरा, परियोजना बेमेतरा के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के हितग्राही के यहां कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर उनके पलकों को पोषण युक्त भोजन करने हेतु बताया गया जैसे स्थानीय मूंगा भाजी बथुआ भाजी दूध अंडा केला चना गुड़ पोइ भाजी खिलाने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यवेक्षक बालसमुन्द रुखमणि ध्रुव एवं मास्टर ट्रेनर सीता चंद्रवंशी, क्रेश कार्यकर्ता सती सेन एवं पूर्णिमा के द्वारा हितग्राहियों से कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# रामकृष्ण केयर अस्पताल में डॉ. सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा मरीज के चारों जोड़ एवं शोल्डर रिप्लेसमेन्ट किये



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रानकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा एक मरीज का शोल्डर का रिप्लेसमेन्ट परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज को गठियावात नामक बीमारी थी उसके दोनों घुटने एवं कुल्हे खराब हो गये थे शरीर की सभी हड्डियां कमजोर हो गई थी, कमजोर हड्डियों की वजह से कंधे में ऑर्थराइटिस एवं फ्रेक्चर हो गया था। जिसकी वजह से वह लगभग एक वर्ष से चल नहीं पा रहा था एवं करवट भी नहीं ले पा रहा था। डॉ. सिंघल ने न सिर्फ उनके घुटनें एवं कुल्हे का प्रत्यारोपण किया कंधे का भी रिवर्स शोल्डर प्रत्यारोपण किया। आज मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य है रोजाना 4-5 किमी. चल रहा है और सामान्य जीवन यापन कर रहा है तथा उनका शोल्डर पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि उनके द्वारा ईजाद की हुई इस मिनिमम कट तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण के बाद मरीजों की रिकवरी शीघ्र होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न सिर्फ केवल कुछ घंटें बाद चल सकता है बल्कि अपने सामान्य जीवन के क्रियाकलापों में तेजी से वापस लौट सकता है।

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 13 जनवरी तक

**गरियाबंद।** शिक्षा सत्र 2025-26 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा छठवीं एवं नवमीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जाना है। परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के आधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषणा किया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य ले0कर्नल डॉ.पी. श्रीनिवास ने बताया कि सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट https//e&ams.nta.ac.in/AIS-SEE/ पर 13 जनवरी तक भरे जाएंगे।

# नए साल में लिया गया टीबी मुक्त नारायणपुर करने का शपथ

पायनियर संवाददाता ✓ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान अंतर्गत टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वयोवृद्ध कार्यक्रम तथा मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रमः 07 अक्टूबर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जाना है जो 4 चरणों में सम्पन्न होगा। अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें अभियान के बारे में चर्चा किया गया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एस.राज ने बताया कि अभियान के तहत् घर घर सर्वे किया जा रहा है, जिसमें टीबी, पिछले 5 साल के टीबी के मरीज, वर्तमान में टीबी के ईलाज करा रहे मरीज के परिवार, कुष्ठ, 60 साल से उपर के लोग, धुम्रपान करने वाले व्यक्ति व अधिक शराब का सेवन करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उनका सिम्पटम के आधार पर उनका स्पूटम सेम्पल लिया जाएगा व जिन्हें सिम्पटम नहीं है उन्हें एक्स रे कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक. पी.पी.एम. समस्त सेक्टर सुपरवाईजर, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक डेटा मैनेजर, पी.ए.डी.ए. व समस्त स्टाफ उपस्थित हुए।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला 7 को

### रायपुर प्रेस क्लब और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर का संयुक्त आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। शारीरिक स्वास्थ्य का तो हम ध्यान रख लेते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बहुत कम जागरूक हैं। छोटी-छोटी बातों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, उदासी लोगों पर हावी हो रही है। काम का तनाव और दबाव झेलने की क्षमता लोगों में कम हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए रायपुर प्रेस क्लब और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर की ओर से तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रेस क्लब, मोतीबाग में 7 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। इस बेहद महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लेने के लिए इच्छुक सदस्य 4 जनवरी 2025 तक प्रेस क्लब कार्यालय में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। कार्यशाला में बेहतर जीवन शैली, स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव को कैसे से हैंडल करना है, इसका प्रशिक्षण बेंगलुरू से आए विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने इच्छुक सदस्यों से इस महत्वपूर्ण और जरूरी कार्यशाला में भाग लेने की अपील की है।

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

### रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नया रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के माध्यम से आमजन के बीच रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के साथ रक्तदान के प्रति समझ को विकसित करने का प्रयास किया गया। एक दिवसीय रक्तदान शिविर में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विजय दयाराम के., संचालक महामारी नियंत्रण डॉ सुरेन्द्र पामभोई, राज्य नोडल अधिकारी ब्लड सेल डॉ निधि गवालरे व समस्त विभागों के नोडल, उप संचालक व समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के स्वैच्छिक रक्तदाता के रूप में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया व कुल 47 यूनिट रक्त संग्रहित किये गए। रक्तदान शिविर के आयोजन पर आयुक्त डॉ. प्रियंका शुक्ला ने स्वयं भी रक्तदान किया और रक्तदान के संबंध में जानकारी दी कि एक यूनिट रक्त से तीन व्यक्तियों की जान बचाई जा



सकती है। कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में आपके द्वारा दिया गया एक यूनिट रक्त बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से लोगों के शरीर में एक नई उर्जा का संचार होता है। रक्तदान के पश्चात 90 दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है। इसलिए लोगों को रक्तदान करने से कभी घबराना नहीं चाहिये और रक्तदान कर लोगों को जीवन दान देना चाहिए। रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। रक्तदान करने के कई स्वास्थ्यगत लाभ भी हैं। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी आपात स्थिति में रक्त की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आकर जरूरतमंदों की मदद की जानी चाहिए।

# वय वंदन योजनाः बुजुर्गो को मिल रही विशेष स्वास्थ्य सहायता, विशेष शिविर का आयोजन कर बनाए जा रहे कार्ड

### जिले में अब तक 2000 से अधिक वय वंदन कार्ड बनाए गए

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देश में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विशेष स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जा रही है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के माध्यम से बुजुर्गो को यह स्वास्थ्य सेवा दी जा रही है जिसके तहत उन्हें 5 लाख रूपए की चिकित्सा सहायता प्राप्त होगी। बुजुर्गो ने इस योजना को वरदान बताया है और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया है। बुजुर्ग झाडूराम कश्यप ने बताया कि उनकी उम्र 77 वर्ष हो गई है और यह योजना हम जैसे बुजुर्गो के लिए वरदान है। उम्र के इस पड़ाव पर हमें अनेक स्वास्थ्य



समस्याओं से जूझना पड़ता है। सरकार की इस संवेदनशील पहल से उन जैसे लाखों बुजुर्गो को राहत मिल रही है। 5 लाख की स्वास्थ्य सहायता मिलने से अब उनकी अस्पताल के खर्चो की चिंता समाप्त हो गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि इस नई योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक के सभी नागरिकों का वय वंदन कार्ड बनाया जा रहा है जिससे उन्हें 5 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा मिलेगी। जिन वरिष्ठ नागरिकों का नाम पहले से आयुष्मान कार्ड में दर्ज है उन्हें इस योजना के तहत दोबारा पंजीकरण कराना होगा। पंजीयन के लिए नागरिकों को अपना आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा जिससे उनकी आयु का सत्यापन किया जा सके। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड जारी किया जाएगा जिससे पंजीकृत स्वास्थ्य केन्द्रों में उन्हें 5 लाख रूपए तक की स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिले में वय वंदन कार्ड बनाने का कार्य तेजी से जारी है। सामुदायिक केन्द्रों, च्वाईस सेंटर और विशेष शिविर के साथ ही स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर वय वंदन कार्ड बना रहे हैं। जिले में अब तक 2000 से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। डॉ. तिवारी ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए वरिष्ठ नागरिक अपना आधार कार्ड लेकर नजदीकी लोक सेवा केन्द्र (च्वाईस सेंटर), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या प्राथमिक केन्द्र में जाकर भी निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। योजना के विषय में अधिक जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कारेसरा में हुई हत्या के आरोप में 10 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कारेसरा में दिनदहाड़े एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई सिटी कोतवाली में 10 लोगों के खिलाफ में नाम जद रिपोर्ट किया गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मृतक के पुत्र सौरभ साहू पिता शत्रुहन साहू उम्र 25 साल कारेसरा ने इस संबंध में सिटी कोतवाली बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि करीबन 15 दिन पूर्व मृतक शत्रुहन साहू का गांव के टोपसिंह वर्मा के साथ शराब पीने एवं पिलाने की बात पर से विवाद हुए थे, इसी बात पर से मृतक ने 02.01.2025 को शाम के समय टोपसिंह का नाम लेकर गाली दे रहा था तब उसका भाई हिरू वर्मा आकर वाद विवाद झगड़ा लड़ाई करने लगा, जिसे समझा कर घर लाया गया दिनांक 03 जनवरी को सुबह करीबन 09:30 बजे मृतक कहीं से घुमकर घर आया और अपने पुत्र को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास टोपसिंह वर्मा बल्ली से सीना में मारा है, उसके बाद सुबह करीबन 10:00 बजे उसके पुत्र और मृतक शत्रुहन साहू, बहन पुष्पा साहू, दादी दुरपति बाई घर के सामने खड़े थे उसी समय टोपसिंह वर्मा उसका भाई हीरा लाल उर्फ हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, लड़का सोमनाथ वर्मा, भांजा तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, भांजी रानी वर्मा, टोप सिंह की दीदी जमुना वर्मा, हिरू की पत्नि दुलौरिन वर्मा सभी एक राय होकर मृतक के घर के पास आये और टोप सिंह वर्मा ने मार-पीट करने को लेकर विवाद करने लगा इतने में सभी मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मृतक के पुत्र मृतक, मृतक की बेटी पुष्पा को डण्डा व हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, जिससे जान बचाने के लिये मृतक घर अंदर घुसने लगा तो टोपसिंह वर्मा, हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा एवं तीजू वर्मा उसे पकड़कर खिंचते हुए घर से बाहर लेकर आये और टोप सिंह वर्मा अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से मृतक के बाएं पसली में तीन चार बार मारकर गम्भीर चोट पहुंचाया है, एवं रानी वर्मा डण्डा से तथा हीरा लाल उर्फ हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, सोमनाथ वर्मा, तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, जमुना वर्मा, दुलौरिन वर्मा हाथ मुक्का से मारने लगा बीच बचाव करने आयी पुष्पा को मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मृतक के पुत्र के सिर, चेहरा, गर्दन के पीछे, दाहिने हाथ, दाहिने पैर के घुटना में एवं बहन पुष्पा के सिर, दोनों हाथ, पीठ, कमर, दाहिने पैर के जांघ में चोट लगी है तथा मृतक को चाकू से बाएं हाथ मुक्का से मारपीट करने से उसके सीना एवं शरीर में अन्य जगह गम्भीर चोट आने से उपचार हेतु निजी वाहन में जिला अस्पताल बेमेतरा लेकर आये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी के पिता शत्रुहन साहू को चाकु से मारकर हत्या करने कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 296, 351 (2), 115(2), 103 (1), 191(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की निंदा की, छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सिटी प्रेसक्लब बेमेतरा के सदस्यों ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा किया है इसके साथ ही शासन से छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र ही लागू करने की मांग की है साथ ही मुकेश चंद्राकर को मौन श्रद्धांजलि अर्पित किए। बेमेतरा सिटी प्रेस क्लब बीजापुर (छत्तीसगढ़) के युवा स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बारे में जानकर स्तब्ध है। जिसकी हम सब पत्रकार हत्या की कड़ी निंदा करते हैं और अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। दुख और क्षति की इस घड़ी में सिटी क्लब बेमेतरा परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय पत्रकार का शव, जो 1 जनवरी से लापता था, शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक ठेकेदार की संपत्ति पर एक सेप्टिक टैंक में मिला। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों पर हमले और उनकी हत्याएँ कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन जिस तरह से इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, वह अस्वीकार्य है और इस संदर्भ प्रभावी ढंग से कार्यवाही किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

## त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की विकास खंडवार समस्त पंचायतों का त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है।

## जल जीवन मिशन : नारायणपुर में 148 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से घरों में दिया जा रहा शुद्ध पानी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत किलकिला के ग्राम नारायणपुर में ग्राम वासियों को हर घर जल योजना के तहत् घर पर ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है, गांव में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। ग्राम में 2 उच्च स्तरीय जलागार स्ट्रक्चर लगा हुआ है जिसकी क्षमता 20000 लीटर है और कुल 148 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा सभी के घरों को पानी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत् हर घर जल योजना से लाभान्वित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है और सभी गांवों में हर घर जल पहुंचाकर ग्राम वासियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना से लाभान्वित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिए हैं। जल जीवन मिशन के आने से पूर्व नारायणपुर के ग्रामीण पानी की आवश्यकता के लिए हैंडपंप एवं कुओं पर आश्रित रहते थे विशेषकर महिलायें जो परिवार के पानी के लिए हैंडपंप एवं कुओं से पानी लाती थी अब वो समस्या योजना के आने से खत्म हो गया है। योजना से पूर्व ग्रामीणों का पानी की वजह से ज्यादा तबीयत खराब होने की समस्या थी। अब पानी जांच कर पीने से तबीयत खराब होने में काफी कमी आई है।

## जशपुर जिले के 23 हजार से अधिक किसान अब तक बेच चुके हैं अपना धान

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





धान खरीदी के एवज में 23018 किसानों को 3,57,32,48,053 रूपए (तीन सौ संतावन करोड़ बत्तीस लाख अड़तालीस हजार तिरपन रूपये ) का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ, डीवो जारी 1393370.00 क्विंटल धान उठाव 661609.20 क्विंटल। जशपुर जिले में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी की सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। जिले में 14 नवम्बर से अब तक 173615.56 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक जिले के 23018 किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को शीघ्र भुगतान किया जा रहा है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 6301 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 3,36,458.00 मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 03 जनवरी तक 23018 किसानों से 173615.56 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए आज दिनांक तक कुल 351127.60 मीट्रिक टन टोकन जारी किए गए थे। आगामी सप्ताह की खरीदी के लिए कुल 7335 किसानों हेतु 59107.80 मीट्रिक टन का टोकन जारी किया गया हैं। जिले में 75 मिलरों का अनुबंध





किया जाकर अब तक 1393370.00 क्विंटल का डीवो जारी किया जा चुका है जिसमे से 661609.20 क्विंटल का धान भी उठाया जा चुका है। धान उठाव की गति प्रगतिशील है।

## कोड़ेनार में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस शनिवार दोपहर 01 बजे कोड़ेनार ग्राम पंचायत के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोड़ेनार क्रमांक 02 में पौधारोपण किया गया ततपश्चात दोपहर 02 बजे पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रत्ना वर्मा, सह कार्यक्रम अधिकारी परमेश्वरी साहू, दिनेश चलक,डॉ नीरज साहू एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगरीय निकाय चुनाव हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकाय के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रति निर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा।

## मुक्ति धाम निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के मध्य वीरेन्द्र नगर में वार्ड वासियों की वर्षों से बहुप्रतिक्षित मांग मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल , वार्ड क्रमाँक 02 के पार्षद हेमवती यादव , बीजेपी मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गुंजन अग्रवाल ,पार्षद हितेश यादव , पूर्व पार्षद जयप्रकाश यादव (जे.पी.) वार्ड क्रमाँक 01 पार्षद प्रतिनिधि खीरचंद बारी वार्ड क्रमांक 01 के पूर्व पार्षद बिहारी चौहान एवं वार्ड क्रमाँक 01 व 02 के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे .उक्त मुक्तिधाम निर्माण से वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 के लोगों को दाह संस्कार हेतु सुविधा मिलेगी ।

## संगम सेवा समिति द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के पूरे 15 वार्ड में संगम सेवा समिति द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 5 जनवरी से 19 जनवरी तक किया जाएगा ,लाभार्थी शिविर में पहुँच कर चिकित्सीय सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है प्रत्येक दिन अलग अलग वार्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा ।जिसके अनुसार वार्ड क्रमांक 9 में 5 जनवरी को वार्ड क्रमांक 8 में 6 जनवरी , वार्ड क्रमांक 07 में 7 जनवरी, वार्ड क्रमांक 10 में 8 जनवरी , वार्ड क्रमांक 11 में 9 जनवरी, वार्ड क्रमांक 12 में 10 जनवरी, वार्ड क्रमांक 13 में 11 जनवरी, वार्ड क्रमांक 14 में 12 जनवरी, वार्ड क्रमांक 15 में 13 जनवरी, वार्ड क्रमांक 1 में 16 जनवरी, वार्ड क्रमांक 2, वार्ड क्रमांक 3 में 17 जनवरी, वार्ड क्रमांक 4 में 18 जनवरी, वार्ड क्रमांक 5 में 19 जनवरी, वार्ड क्रमांक 6 में 20 जनवरी, को शिविर का आयोजन दोपहर 1 से 3 तक उपरोक्त दिनांक में शिविर में पहुंच कर मलेरिया, टाइफ़ाइड, खून की कमी , शुगर (शुगर किट द्वारा निःशुल्क) बीपी, थायराइड, मधुमेह, लकवा, सिकलीन, सर्दी बुख़ार, वायरल इंफ़ेक्शन, निमोनिया, आदि की जाँच उपस्थित चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।

## बिहान योजना से सुषमा हुईं आत्मनिर्भर

# सुषमा के घरेलू महिला से उद्यमी बनने की कहानी में साथी बनी बिहान योजना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





रोज रोज घर का काम, खेती के मौसम में अपने खेत में काम और पति के काम में जाने के बाद दिन में आराम, यही बगीचा तहसील के ग्राम बगडोल में रहने वाली सुषमा पैंकरा के हर की दिनचर्या हुआ करती थी और हमेशा दिल में इस रंगहीन जीवन चक्र को तोड़ कर कुछ नया करने की चाह सुषमा के दिल में रहा करती थी। ऐसे में उसके गांव में जब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन श्बिहानश् के अधिकारी आये तो उनके मन में कुछ करने की इच्छा फिर से जागी।

ग्राम की महिलाओं के साथ जुड़कर उन्होंने द्वीप स्व सहायता समूह में कार्य करना प्रारम्भ किया। पहले तो आय सीमित हुआ करती थी तब सुषमा ने कुछ नया करने की सोची। उन्हें बिहान के माध्यम से सरल ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने घर पर ही छोटा सा किराना दुकान खोल लिया। किराना दुकान में धीरे धीरे चलने लगी और घर में स्थायी आमदनी का जरिया बन गया। इस संबंध में सुषमा ने बताया कि पहले तो घर में मेरा योगदान केवल घरेलू कार्यों और खेती बाड़ी तक ही सीमित हुआ करता था। जब से बिहान योजना से मैं जुड़ी तो लोगों से मिलने और जानने का मौका मिला। मुझे बहुत सारी चीजें जानने को मिलीं। तब मुझे बिहान द्वारा ऋण प्राप्ति की जानकारी मिली। ऋण से मैंने दुकान खोली जिससे मेरी आर्थिक स्थिति सुदृढ हुई। अब मैं अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ा रहीं हूँ और बिहान की ओर से लखपति दीदी भी बन गयी हूँ। उज्ज्वला योजना से मुझे गैस कनेक्शन भी मिला है और महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। जिससे अब मेरी आर्थिक स्थिति और भी सुदृढ हो गयी है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूं। एक घरेलू महिला से उद्यमी बनने तक के सफर पर हर कदम में बिहान योजना मेरी साथी बनी है।

## जशपुर काजू, जीरा, फूल, चावल और जशप्योर के उत्पादों की दिल्ली में लगाई गई प्रदर्शनी



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ग्रामीण भारत महोत्सव का आयोजन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा दिनांक 4 से 9 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उपस्थित थी। दिल्ली में भारत भर से 186 स्टॉल पर विभिन्न जिले से आए उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जशपुर जिले से संस्था READS एवं हरित क्रांति आदिवासी सहकारी समिति मर्यादित बगीचा को शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि स्थानीय किसानों और स्व सहायता समूह को आर्थिक लाभ हो सके प्रर्दशनी में जशपुर जिले का जशपुर काजू, जीराफूल चावल, रागी का लड्डू, महुआ का नेक्टर, जशप्योर के उत्पादों की प्रदर्शनी भारत मंडपम हॉल पर लगाया गया है। दिल्ली में यह प्रर्दशनी 6 दिवसीय कार्यक्रम में अलग अलग विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया है, जिसमें READS से राजेश गुप्ता, मनोज कुमार एवं गोवर्धन होता कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हरित क्रांति आदिवासी सहकारी समिति मर्यादित बगीचा से चंद्रशेखर भी शामिल हुए हैं।

# बेमेतरा जिले में पर्यटन विकास की संभावना और प्रयास : गिधवा-परसदा पक्षी विहार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com







बेमेतरा जिला अपनी समृद्ध कृषि परंपरा के लिए प्रसिद्ध है, खासतौर पर धान, दाल और तैलीय फसलों के उत्पादन के लिए। बेमेतरा जिला छत्तीसगढ़ राज्य का एक नवीन गठित जिला है जिसका गठन 1 जनवरी 2012 को दुर्ग जिले के विभाजन के पश्चात हुआ है। यह दुर्ग जिले के उत्तरी किनारे पर स्थित है। हालांकि, यहां पर्यटन को लेकर खास पहचान नहीं रही है। इसके बावजूद, गिधवा और परसदा गांवों के पक्षी विहार ने इस जिले को एक नई पहचान दी है। इन गांवों में सर्दियों के मौसम में देश-विदेश से प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है, जो इसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाता है।

**गिधवा-परसदा पक्षी विहार:** प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग सर्दियों के मौसम में लगभग 150 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी अफ्रीका, मंगोलिया, बर्मा, बांग्लादेश और हिमालय क्षेत्र से यहां पहुंचते हैं। साथ ही, लगभग 50 उड़ान पक्षियों का भी यहाँ नियमित आगमन होता है। पक्षियों को यहां के जलाशयों की जैव विविधता, मछलियां, और नम भूमि आकर्षित करती हैं। गिधवा में 100 एकड़ और परसदा में 125 एकड़ का जलाशय है, जो पक्षियों के लिए अनकूल पर्यावास प्रदान करता है। यहां गैडवाल, नॉर्थन पिनटेल, रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, मार्श सैंडपाइपर, कॉमन ग्रीन शेंक और कॉमन रेड शेंक जैसे पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की जाती है।

**पक्षी महोत्सव और नवाचार**-वर्ष 2021 में, गिधवा और परसदा में छत्तीसगढ़ का पहला पक्षी महोत्सव आयोजित किया गया था। यह आयोजन पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय और बाहरी सैलानियों को आकर्षित करने में सफल रहा।

वन विभाग ने नवधा ग्राम में पक्षी विज्ञान केंद्र की स्थापना की है। यहां पक्षियों के संरक्षण और अध्ययन के लिए विशेष प्रबंधन किया गया है। विभाग ने पांच कर्मचारियों को राजस्थान की भरतपुर वर्ड सेंचुरी से प्रशिक्षण दिलाया और आधुनिक दूरबीन उपलब्ध कराई। दूरबीन की सहायता से कर्मचारी पक्षियों की गतिविधियों पर नजर रखते है। सैलानी भी इसकी सहायता से दूर पक्षियों का नजारा लेते है।

**पर्यटन विकास की चुनौतियाँ और संभावनाएँ**-हालांकि गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है, लेकिन यहाँ ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ठहरने, चाय-पानी और विश्राम जैसी सुविधाओं को विकसित करने के लिए प्रयासरत हैं।

**आगे की राह**-स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के समन्वित प्रयासों से गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के पूरे प्रयास किए जा रहे है ।

इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए स्थायी पर्यटन को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

बेमेतरा जिले का गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों के लिए अनमोल स्थान है। यह न केवल जिले की पहचान बना सकता है, बल्कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर सकता है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से विकास और संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता है।

# अनर्थों की शान्ति का साधन केवल भगवान है: गोपिकेश्वरी

## उतई में श्रीमद भागवत कथा का तीसरा दिन




पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

हथखोज पारा काली मंच उतई नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर गोपिकेश्वरी देवी ने शुकदेव जी और परीक्षित के प्रसंग से कथा का आरंभ करते हुए बताया की शुकदेव जी से परीक्षित जी प्रश्न करते हैं कि संसार में जीव सर्वदा सदा अपने कल्याण के लिए क्या करे और जो जीव मरने वाला उसको अपने कल्याण के लिए क्या करना चाहिए इसका उत्तर देते हुए शुकदेव जी ने बताया कि केवल भक्तवत्सल कृष्ण की श्रवण कीर्तन स्मरण भक्ति करने से जीव अपना कल्याण कर सकता है । कैसे भी साधन से श्रीकृष्ण चरणों में मन अनुरक्त हो, भगवान प्रसन्न हो। क्योंकि वेदों का तात्पर्य श्रीकृष्ण में ही है। यज्ञों के उद्देश्य श्रीकृष्ण ही हैं। योग श्रीकृष्ण के लिए ही किये जाते हैं और समस्त कर्मों की परिसमाप्ति भी श्रीकृष्ण में ही है। ज्ञान से ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण की ही प्राप्ति होती है। तपस्या श्रीकृष्ण की प्रसन्नता के लिए ही की जाती है। कृष्ण के लिए ही धर्मों का अनुष्ठान होता है और सब गतियाँ श्रीकृष्ण में ही समा जाती हैं। तो अनर्थों की शान्ति का साक्षात् साधन है केवल भगवान् का भक्तियोग। परन्तु संसार के लोग इस बात को नहीं जानते। यही समझकर श्री वेदव्यास ने परमहंसों की संहिता श्रीमद् भागवत की रचना की जिसको श्रवण मात्र से श्रीकृष्ण के प्रति परम प्रेममयी भक्ति हो जाती है, जिससे जीव के शोक, मोह और भय नष्ट हो जाते हैं शुकदेव जी ने कहा परीक्षित मैं तुम्हें यही श्रीमद् भागवत कथा सुनाऊंगा। इसका लाभ यह होगा कि मृत्यु के समय भगवान की स्मृति अवश्य बनी रहेगी। आगे कथा में परीक्षित जी पूछने पर श्रृष्टि का विस्तार कैसे हुआ ये बताया गया। फिर मनु जी महाराज और महारानी शतरूपा की संतानों की कथा बताई। जिसमें ध्रुव का चरित्र और जड़ भरत जी की कथा भी बताई गई।

# सेंट विंसेंट पैल्लोटी उच्चतर माध्यमिक स्कूल बगीचा में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



संत गहिरा गुरु महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम एवं एन ई पी समन्वयक प्रवीण मिंज के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य फादर प्रबल केरकेट्टा के स्वागत उदबोधन से हुआ. विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए डॉक्टर तिग्गा ने मुख्य रूप से समय प्रबंधन पर जोर दिया डॉ तिग्गा ने कहा जो व्यक्ति अपने विद्यार्थी जीवन में मेहनत व संघर्ष करेगा वही ऊंचाई तक पहुंचेगा. कम समय संघर्ष करके लंबी जिंदगी आराम से गुजारना ही बुद्धिमानी है मां बाप के पैसों से अनावश्यक मौज मस्ती करना बुद्धिमानी नही है विद्यार्थी जीवन फूलों का सेज नहीं वरन इनके राहों पर तो कांटों की वर्षा होती है परंतु जो इन कांटों को फूल समझकर स्वीकार करता है उसी के माथे में तकदीर लिखी जाती है डॉक्टर तिग्गा ने सभी विद्यार्थियों को चुनौती देते हुए कहा कि इस कंपटीशन के दौर में यह सोचकर काम करें कि आपके ही उम्र का प्रतिद्वंदी दूर कहीं बड़े नाम के स्कूल में पढ़ाई कर रहा होगा।

## गिरिवर लाल का निधन




**पन्डरभट्ठा।** पन्डरभट्ठा (कुंरा-धरसींवा) निवासी गिरिवर लाल दुबे का आकस्मिक निधन हो गया है. आप शहर कांग्रेस महामंत्री अविनय दुबे के पिताबलदाऊ दुबे, नारायण दुबे के भाईएवम डॉ अमरीश दुबे के चाचा थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम पन्डरभट्ठा में सम्पन्न हुआ।

# खोपली में स्कूल के पास बाइक से स्टंट करते समय दुर्घटना में एक छात्र की मौत, दो घायल

## 10 वीं के छात्र कर रहे थे बाइक पर स्टंट

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



खोपली में सड़क सुरक्षा एवं यातायात माह के बीच दुर्घटना हुई है। 10वीं कक्षा के बच्चे स्कूल के पास बाइक से स्टंट कर रहे थे। इसी बीच तीन छात्र गंभीर रुप से हादसे का शिकार हो गए। स्टंट के दौरान बाइक फिसली और 45 फीट घिसटने के बाद चौरा से जाकर टकरा गई, जिससे एक छात्र की मौके पर मौत हो गई और दो छात्र गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मृतक छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेजा गया। उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे की है। घुघसीडीह निवासी साहिल टंडन (16 वर्ष), पीयूष (14 वर्ष) और खोपली निवासी हर्ष (15 वर्ष) हाई स्कूल खोपली में 10 वीं कक्षा के छात्र है। हर्ष बाइक से स्कूल गया था। तीनों दोस्त मिले। इस बीच घुघसीडीह निवासी साहिल टंडन ने बाइक चलाने के लिए बोला। हर्ष ने उसे बाइक दे दिया। साहिल बाइक चलाने लगा और हर्ष और पीयूष बाइक के पीछे बैठ गए। स्कूल न जाकर तीनों छात्र सड़क पर बाइक से स्टंट करने लगे। इसी बीच साहिल ने तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाया और अचानक ब्रेक लगाया। बाइक को सामने से उठाने की कोशिश में वह सम्हाल नहीं पाया और फिसल कर गिर गई। करीब 45 फीट तक बाइक घिसटाते हुए बाए साइड सड़क किनारे बने घर के चौरा से जाकर टकराई। बाइक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। साहिल के सिर पर चोट लगने से उसका सिर फट गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल हर्ष के कमर में चोट आई है और पीयूष को भी चोट लगी है। दोनों छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# होंडा मोटर साइकिल ने 2024 में 58,01,498 बाइक और स्कूटर की बिक्री की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने दिसंबर 2024 में मोटरसाइकिल और स्कूटरों की बिक्री के आंकड़ों की घोषणा की। दिसंबर 2024 में कंपनी ने भारत और दूसरे देशों में कुल मिलाकर 3,08,083 बाइक और स्कूटरों की बिक्री की।

घरेलू बाजार में कंपनी ने 2,70,919 गाड़ियों की बिक्री की, जबकि 37,164गाड़ियों का निर्यात किया गया। गौरतलब है कि एचएमएसआई ने कैलेंडर वर्ष 2024 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक 58,01,498 गाड़ियों की बिक्री की। पिछले वर्ष 2023 के मुकाबले इस साल बिक्री में 32 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024 के पूरे वर्ष में घरेलू बाजार में 52,92,976 यूनिट्स की बिक्री हुई, जबकि 5,08,522 गाड़ियों का निर्यात किया गया। इलेक्ट्रिक वाहनः होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एक्टिवा और क्युसी 1 के लॉन्च के साथ मोबिलिटी के नए युग की शुरुआत की। इन इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बुकिंग 1 जनवरी 2025 से शुरू हो चुकी है, और इनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। इन सभी नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की कीमत का खुलासा इस महीने के अंत मेंभारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपोमें किया जाएगा। ओबीडी2 बी मानक वाले उत्पादः अपने उपभोक्ताओं को और अधिक खुशियां देने के लिए एचएमएस आईनेआधुनिक खूबियों के साथ एक्टिवा 125, एसपी25, एसपी160 और यूनिकॉर्न के कॉम्लाडी2 एंट मॉडलों को लॉन्च किया।

# सैमसंग इंडिया ने 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेन की घोषणा की, एआई-पावर्ड प्रीमियम टीवी की रेंज पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत का सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने नए साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेन लॉन्च किया है। इसमें बड़े स्क्रीन वाले प्रीमियम टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इनमें नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के, ओएलईडी और 4 के यूएचडी टीवी के मॉडल शामिल हैं। यह कैम्पेन 3 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। जो उपभोक्ता अपने घर पर मनोरंजन के अनुभव को और बेहतर बनाना चाहते हैं, वे इस अविश्सवनीय मौके का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी और 99,990 रुपये तक के मुफ्त साउंडबार्स दे रहा है। सैमसंग के प्रीमियम टीवी देश भर में लोगों के लिए टीवी देखने के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं। यह एआई अपस्केलिंग और शानदार तकनीक से लैस हैं। इनसे तस्वीरें और अधिक स्पष्ट, साफऔर असली लगती हैं। नए साल में सैमसंग उपभोक्ताओं को क्रांतिकारी ऑडियो-विजुअल अनुभव देने के लिए तैयार है। ग्राहक 20ब तक कैशबैक, ज़ीरो डाउन पेमेंट और 30 महीने तक की सबसे कम ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। ये आकर्षक ऑफर्स Samsung.com, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और भारतभर के सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग में हम अपने 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेन के साथ घरेलू मनोरंजन को एक नई परिभाषा दे रहे हैं। लोगों को एआई से लैस प्रीमियम टीवी पर शानदार डील देकर हम ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बना रहे हैं।

# राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

देशभर से आये प्रतिनिधि के उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर राजधानीवासियों को मिलने जा रहा है। बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर में 12 जनवरी तक चलने वाली खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में यह उपलब्ध होगा। दस दिवसीय आयोजन इस आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सहित देशभर से आए प्रतिनिधियों द्वारा 100 स्टॉल लगें हैं। जिस पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध कोसा की साडियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडीमेड शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट, बेडशीट, दरी, लुंगी, गमछे आदि चीजें उपलब्ध हैं। पीएमईजीपी ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित अचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, शैंपू, साबून, आर्टिफिशियल फ्लावर, जूता, आयुर्वेदिक जड़ी बूड़ी, हर्बल उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फर्नीचर, डेकोरेटिव सामग्री, मिट्टी से उत्पादित वस्तुएं उपलब्ध है। प्रदर्शनी का उद्देश्य है स्वदेशी उत्पाद चाहने वालों को आसानी से सर्वसुलभ हो। एक दशक में खादी की यात्रा ने उत्तरोतर वृद्धि की है, प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत ने आगे के लक्ष्य की प्राप्ति एक दृढ़ संकल्प दिया है। इस प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाओं, कारीगरों और लाभार्थियों को विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों के लिए अगल-अलग उत्पादों पर छूट का प्रावधान भी रखा गया है। रविवार, 12 जनवरी 2025 तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कुल 100 स्टॉल्स लगें हैं। जिसमें पीएमईजीपी के स्टॉल्स और केवीआईसी के शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ खादी फैशन भी 11 जनवरी को रखा गया है। ग्राहकों सेल्फी प्वाइंट एवं फुड कोर्ट का आनंद भी ले सकता है।

# राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए निर्णायक की भूमिका के लिए अभय कुमार गणोरकर का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तरफ से सीनियर नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर राजस्थान में 7/1/2025 से 13/1/2025 आयोजित है, जिसमें वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तरफ से छत्तीसगढ़ के नेशनल रेफरी अभय कुमार गणोरकर (एएसआई) का चयन निर्णायक की भूमिका के लिए किया गया है जो की छत्तीसगढ़ पुलिस रायपुर में एएसआई के पद पर टाटीबंध थाना में पदस्थ है। रायपुर एसएसपी डॉ.लाल उमेन्द्र सिंह ने अभय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं विभाग के लिए गौरव की बात कही है। साथ ही छत्तीसगढ़ वालीबॉल एसोसियन के उपाध्यक्ष अकरम खान, सचिव डीएसपी हेम प्रकाश नायक, डीएसपी लाइन निलेश द्विवेदी आरआई में अभय को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# सावित्री बाई फुले की जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था यूनिटी फॉर सोशल जस्टिस के द्वारा रविवार को स्थान वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस रायपुर में भाषण प्रतियोगिता रखी गई है जिसमें भाषण का विषय मनु संहिता बनाम भारत का संविधान महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में एक तुलनात्मक विश्लेषण है जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को क्रमशः 3 हजार, 2 हजार एवं 1 हजार रुपए की नगद राशि तथा सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को सहभागिता का प्रमाण पत्र व पाठ्य सामग्री दिया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को आवश्यक रूप से 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल आना होगा। सभी के लिए सुबह नाश्ता तथा दोपहर में भोजन का व्यवस्था रखी गई है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदूर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# वार्षिकोत्सव प्रतिभा व कौशल को निखारने का बेहतर मंच : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदूर मे वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के मूर्ती पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से मंत्रमुग्ध कर देने वाली अनुपम प्रस्तुति दिया। शाला का वार्षिक प्रतिवेदन और स्वागत भाषण संस्था प्रमुख बी एन चौधरी ने दिया और सालभर होने शैक्षणिक गतिविधि, खेलकूद और संस्था का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं की जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि मैं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मचांदूर के वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह पर उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहाँ हम अपने छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं और उनकी मेहनत और प्रतिभा को सम्मानित करते हैं। विद्यालय के वार्षिक उत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ हम अपने छात्रों को अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसा अवसर है, जहाँ हम अपने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। आज के इस समारोह में, हम अपने छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित कर रहे हैं। ये पुरस्कार हमारे छात्रों की मेहनत और प्रतिभा को सम्मानित करने के लिए हैं। मैं इन सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूँ और उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। सांसद विजय बघेल ने कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर चलें और जो हासिल करना है उसके लिए जी जान से जुड़ जाए। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से आप जीवन में हर चीज हासिल कर सकते हो। देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति लागू किया है। जो भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति के माध्यम से हमारे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद सदस्य लेखन साहू, सरपंच दिलीप साहू, सरपंच घुघसीडीह गोवर्धन बारले, नवाब खान, प्रवीण यदु, फलेंद्र राजपूत, शीतला ठाकुर, ललित देवांगन, फत्तेलाल वर्मा, जसलोक साहू, शुभम वर्मा, संस्था प्रमुख बी एन चौधरी, कोकिला चौधरी, पी. के. रात्रें, ओ. पी. ठाकुर, एस.के. सिंह, एम रथ, श्रद्धा शर्मा, ज्योति पांडे, कल्पना संगीता, पूजा नायर, अजीत पाठक, हरीश कुमार, विनय अग्रवाल, कमलेश्वरी भारती सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दीपशिखा विद्यालय में हुआ पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह उतई में विद्यालय की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर 2007 प्रथम बैच से 2016 तक हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं पूर्व शिक्षकों का एक दिवसीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, अध्यक्षता अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि पालक शिक्षक समिति के पूर्व अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, केजूराम साहू एवं वर्तमान पालक शिक्षक समिति के सदस्य संतोष कुमार मिश्रा थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। स्वागत भाषण सचिव डी एल सिन्हा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने विद्यार्थी जीवन की सुनहरी यादों को प्रस्तुत किया। विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राएं शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कुछ विद्यार्थी ऐसे हैं जो अपनी सफल उद्यम से बड़े-बड़े स्वयं का कारोबार भी स्थापित किए हैं। उपस्थित सभी छात्रों ने अपना परिचय देकर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। यादों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि प्रारंभ में एक छोटे से स्वरूप में स्थापित विद्यालय काफी विकसित रूप ले चुका है।

# राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने व्यस्ततम मार्गों से अतिक्रमण हटाकर बढ़ाई गई चौड़ाई

## वीआईपी रोड के पेड़ों की छटाई, मार्गों को अवरूद्ध करने वाले बिजली पोल की शिफ्टिंग जारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




आमजनों को राहत देने राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शहर के 15 प्रमुख चौक-चौराहों का चिंहाकन किया गया है। जहां पर ट्रैफिक को दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सड़कों के किनारे लगे बोर्ड को हटाकर उन सभी मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है और सड़कों के किनारे लगे बिजली पोल से बाधित होने वाले सड़कों का चिंहाकन कर पोल को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उन मार्गों की चैड़ाई भी बढ़ाई जा रही है। इससे आने वाले दिनों में निश्चित तौर सड़कों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से यातायात भी सुगम होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर वीआईपी रोड के सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की छटाई की जा रही है। इसके लिए नगर निगम और वन विभाग की टीम का गठन किया गया है। संयुक्त टीम वीआईपी रोड के अलावा प्रमुख जिन भी मार्गों में वृक्षों की वजह से यातायात संचालन में बाधा आ रही है, उन वृक्षों की छटाई करेगी। रायपुरा ओव्हर ब्रिज के नीचे वाली सड़कों में यातायात बाधित न हो, इसके लिए बोर्ड्स को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है। शंकर नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगे बिजली के पोल को हटाकर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके बाद उन मार्गों को भी चौड़ा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर शहर की ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए प्रहरी टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रत्येक मार्गों में पहुंचकर यातायात को दुरूस्त करने का कार्य कर रही है। साथ ही 3 जनवरी को कलेक्टर ने ट्रैफिक संचालन को बेहतर करने के लिए समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने यातायात दुरूस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और पार्षद धनेश बंजारे के तत्वधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित










पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और पार्षद धनेश बंजारे के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 12 बजे से शाम 4 बजे तक सतनाम भवन, परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से वेद, हड्डी रोग से संतोष सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ, वर्षा साहू, रोजा छत्रिया एवं पार्षद, वार्ड के कार्यकर्ता तथा वार्ड निवासी गण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# जस्टिस सप्रे की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिदृश्य की गई समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता तथा मुख्य सचिव अमिताभ जैन की उपस्थिति में न्यू सर्किट हाउस रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के सडक सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सडक दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय-लक्ष्य, सडक सुरक्षा अंकेक्षण तथा प्रवर्तन, अंभियांत्रिकीय, शिक्षा, आकस्मिक उपचार आदि की भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सप्रे ने बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हाकन के पश्चात् यथा शीघ्र सुधारात्मक उपायों, घायलों की त्वरित उपचार देने, विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की समुचित जानकारी एवं नियम तोड़ने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनसामान्य को सुरक्षा के लिए वाहन चालन के दौरान सीटबेल्ट, हेलमेट की अनिवार्यता को बढ़ावा देने को कहा। सप्रे ने नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन उपचार एवं ट्रामा केयर के लिये विशेष पहल करके सड़क दुर्घटना में मृत्युदर में कमी की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक प्रकाश झा ने की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार एवं पटकथा लेखक प्रकाश झा ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रकाश झा के छत्तीसगढ़ आगमन पर उन्हें शाल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में हिंदी फिल्मों के निर्माण और फिल्म उद्योग के विकास की संभावनाओं के सम्बन्ध में चर्चा की।

**प्रथम पेज का शेष**

## पत्रकार की हत्या में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, फांसी देने की मांग

कि यह मामला 01 जनवरी 2025 की रात शुरू हुआ, जब पत्रकार मुकेश चंद्रकार अपने घर से लापता हो गए। उनके बड़े भाई द्वारा 02 जनवरी को बीजापुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मृतक की अंतिम लोकेशन और संबंधित व्यक्तियों की पूछताछ की। जांच के दौरान सुरेश चंद्रकार के बाड़े में स्थित सेप्टिक टैंक से मृतक का शव बरामद किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेसी ठेकेदार सुरेश चंद्रकार, जो इस मामले में प्रमुख आरोपी है, और वर्तमान में छत्तीसगढ़ कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत हैं, की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उसकी संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। अब तक आरोपी कांग्रेस नेता के तीन बैंक खातों को होल्ड कराया गया है और अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## छग नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन 6 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा छग नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन का आयोजन रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में सोमवार 6 जनवरी 2025 सोमवार को दोपहर 1 बजे से किया गया है। जानकारी के अनुसार आयोजन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि एवं विद्यायी कार्य विभाग मन्त्री अरुण साव मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं अधिवेशन के आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला प्रभारी मन्त्री, वन, सहकारिता मन्त्री केदार कश्यप, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा,धरसींवा विधायक अनुज शर्मा एवं अन्य पिछड़ा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं संरक्षक श्री राकेश चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यकारी समिति के सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 6 जनवरी को इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित छग नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का विनम्र अनुरोध किया है।

# बालको के मोर जल मोर माटी परियोजना ने कृषि नवाचार को दिया बढ़ावा




पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने मोर जल मोर माटी परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया। वेदांता एग्रीकल्चर रिसोर्स सेंटर तथा भटगांव गांव में आयोजित कार्यक्रम में 40 गांव के 600 से अधिक किसानों ने भाग लिया। आयोजन कृषि पद्धतियों को आगे बढ़ाने और ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने में बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसान दिवस के तहत आयोजित मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए। बालको की मोर जल मोर माटी परियोजना के दो स्टॉल, एकीकृत कीट एवं पोषक तत्व प्रबंधन, फसल चक्र, रोग संक्रमण के साथ पशुधन विकास पद्धति जैसे नस्ल की विविधता तथा चारा प्रबंधन आदि पर ध्यान केंद्रित था। जिला कृषि, बागवानी, पशु चिकित्सा विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र, कटघोरा ने भागीदारी कर, पोल्ट्री हैचरी सहित कृषि नवाचार और नवीन मशीनरी का प्रदर्शन किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय जैसे राज्य कृषि और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय ने भी भाग लिया। इन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों के साथ किसान को परामर्श भी दिया। मेले में बाड़ी प्रबंधन, ग्राफ्टिंग, बीज ड्रेसिंग और मिट्टी की जुताई का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को उत्पादकता में सुधार हेतु कृषि तकनीक और सस्टेनेबल खेती के तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसान को उनके समर्पण और दूरगामी दृष्टिकोण के लिए सराहा गया। वितरित किए गए पुरस्कारों में गैर-लकड़ी वन उत्पाद (एनटीएफपी) लाख खेती स्प्रे किट जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे, जिन्हें कृषि उन्नति को प्रेरित करने और समुदाय में युवा किसानों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कृषि जागरूकता के साथ कार्यक्रम में रस्साकशी और तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेलों के माध्यम से ग्रामीण सौहार्द देखने को मिला। इन गतिविधियों ने मनोरंजन को सार्थक सीखने के अनुभवों के साथ मिलाते हुए आनंद और एकता का माहौल बनाया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारे किसान देश के आर्थिक विकास के प्रमुख अंग हैं। उन्होंने बताया किसान मेला नवीन कृषि प्रथाओं के माध्यम से गांव को समृद्ध बनाना जो बालको के दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य किसानों को बेहतर संसाधन और कृषि प्रशिक्षण प्रदान कर, सस्टेनेबल कृषि तंत्र बनाना जो आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण है। कृषिका लक्ष्मीन बाई ने कहा कि किसान मेला एक ऐसा अनुभव रहा है जिसका हम बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह एक अंतर्दृष्टि प्रदान कर, हमें खेत की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। बालको का समर्थन हमें आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ एक समृद्ध भविष्य की ओर लेकर जाता है। कृषि में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ बालको की मोर जल मोर माटी परियोजना 40 गांवों में लगभग 2200 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 5000 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। परियोजना का कार्यान्वयन बायफ इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड के सहयोग किया जा रहा है। इस पहल के तहत किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिसमें सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई), ट्रेलिस, जैविक खेती, जलवायु अनुकूल फसल, सब्जी और गेहूं की खेती आदि जैसी आजीविका बढ़ाने वाली गतिविधियों शामिल हैं। लगभग 15 किसान पशुपालन, बागवानी और गैर-लकड़ी वन उपज जैसी आजीविका जुड़े हुए हैं। परियोजना ने बाड़ी प्रबंधन को बढ़ाते हुए पशुधन विकास के तहत नई पहल भी शुरू की है। सतत विकास और सामुदायिक विकास पर को केंद्र में रखकर बालको भारत के कृषि क्षेत्र में प्रगति का एक प्रतीक बना हुआ है।

05 Jan. 2025 Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
ROOM POOL FOOD
KITTY PARTY ANNIVERSARY BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट चैनलिंक जाली पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
हेलमेट ▪ राइडिंग जैकेट ▪ राइडिंग ग्लव्स ▪ राइडिंग पैंट ▪ राइडिंग जूता ▪ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584
FOLLOW US ON INSTAGRAM

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST CAR PARK SHADE WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403